DELHI CRIME 14 june 2022:Layout 1 6/13/2022 7:04 PM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | मंगलवार 14 जून 2022 | पीडीएफ अंक-55 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

### मौसम

अधिकतम –43 | सूर्योदय – 5 : 22
न्यूनतम – 30 | सूर्यास्त – 7 : 19

### सोना चांदी

सोना – 52900.00 प्रति 10 ग्र | चांदी – 62000.00 किलो

### अर्थसार

सैंसेक्स – 52846.70 | निफ्टी – 15774.40
रु/यूएस डॉलर – 78.09 | रु/यूरो – 81.71

## न्यूज फ्लैश

### कांग्रेस नेता आराधना मिश्र मोना और नसीमुद्दीन सिद्दीकी हाउस अरेस्ट

**-प्रदर्शन पर निकलने से पहले नजरबंद**

**लखनऊ।** लखनऊ में कांग्रेस के प्रदर्शन से पहले पुलिस ने कांग्रेस की विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्र मोना और वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी को सुबह 7 बजे से हाउस अरेस्ट कर लिया है। लखनऊ में कांग्रेस दफ्तर से लेकर ईडी दफ्तर तक मार्च को पुलिस ने इजाजत नहीं दी है। पुलिस ने नोटिस दी है कि लखनऊ धारा 144 लागू है, इसकारण प्रदर्शन नहीं किया जा सकता है। दरअसल, नेशनल हेराल्ड केस को लेकर ईडी के सामने राहुल गांधी की पेशी को लेकर सोमवार को जबरदस्त सियासी हलचल है। यूपी कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने आरोप लगाकर कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज दबाने की कोशिश में राहुल गांधी सहित अन्य विपक्षी नेताओं को परेशान करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल सोमवार को कांग्रेस अपने नेता राहुल गांधी को ईडी सम्मन दिए जाने के विरोध में सत्याग्रह कर पूरे देश में ईडी कार्यालय तक पदयात्रा करेगी। इसी क्रम लखनऊ में कांग्रेस के नेता भी ईडी दफ्तर जाकर प्रदर्शन करने की फिराक में थे। तैयारियां भी कर ली गई थी पर कांग्रेसी प्रदर्शन के लिए घर बाहर निकलते इससे पहले नेताओं को नजरबंद कर लिया गया है।

### गांधी को डराने की कोशिश कर रहे हैं गोडसे के वंशज, न अंग्रेज डरा पाए थे न ये डरा पाएंगे : सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेशी पर पार्टी के प्रस्तावित सत्याग्रह को रोकने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नई दिल्ली इलाके में अघोषित आपातकाल लगा दिया है। सुरजेवाला ने कहा कि गोडसे के वंशज एक बार फिर गांधी को डराने चले हैं। उन्होंने कहा कि न महात्मा गांधी डरे थे और न उनके उत्तराधिकारी डरेंगे। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह दावा भी किया कि पुलिस ने कांग्रेस के बहुत सारे कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया है और कई नेताओं को नजरबंद कर दिया है। नेशनल हेराल्ड केस पर रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि अगर इस देश में अखबार के पत्रकारों की तनख्वाह देना, हाउस टैक्स देना, बिजली का बिल देना अपराध है, तो हम ये अपराध बार-बार करेंगे। कायर मोदी सरकार हमें गिरफ्तार करे और हमें आजीवन कारावास दे पर अंग्रेज भी हारा था और मोदी भी हारेगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित धनशोधन मामले में सोमवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। इस मौके पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे और राहुल गांधी के प्रति अपना समर्थन जताया।

### सोना तस्करी मामले में संदेह की सुई मुख्यमंत्री विजयन की ओर : भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि वर्ष 2020 के सोने की तस्करी के मामले में संदेह की सुई मुख्यमंत्री और उनके परिवार की ओर जाती है। भाजपा मुख्यालय में आज केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन और वरिष्ठ नेता टॉम वडक्कन ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। चंद्रशेखर ने कहा वर्ष 2020 में जब सोने की तस्करी का मामला सामने आया तो मुख्यमंत्री केरल पिनाराई विजयन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था। लेकिन उसके बाद से सरकार ने जांच पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि हाल के खुलासे विस्फोटक और अभूतपूर्व हैं। यह मुख्यमंत्री और उनके परिवार की ओर इशारा करते है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुद्रा की तस्करी और अपने आधिकारिक आवास पर कई अस्पष्ट खेप प्राप्त करने वाली इस साजिश के केंद्र में मुख्यमंत्री स्वयं हैं। चंद्रशेखर ने आगे कहा कि लोगों ने मामले की जांच करने की बजाय इसका खुलासा करने वाली महिला को पैसा देने की पेशकश की और धमकी भी दी। चंद्रशेखर ने पिनाराई की चुप्पी पर सवाल खड़ा करते हुए उनसे पूछा एडीजीपी ब्रोकिंग सेटलमेंट को रातों-रात क्यों हटा दिया गया? क्या यह मुख्यमंत्री की संलिप्तता की पुष्टि नहीं करता है? उन्होंने यह भी जानना चाहा कि आखिर एडीजीपी किसका पैसा दे रहा था?

### आम आदमी पार्टी में कांग्रेस नेता हरचरण सिंह एवं अमरदीप सिंह हुए शामिल

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, महिला सुरक्षा, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और मुफ्त वाईफाई समेत तमाम क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर लगातार लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में आप विधायक आतिशी ने आज कांग्रेस नेता हरचरण सिंह, अमरदीप सिंह और सम्राट सिंह समेत अन्य साथियों को टोपी और पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। आतिशी ने कहा कि जो लोग राजेंद्र नगर इलाके में विकास चाहते हैं, वह आम आदमी पार्टी में शामिल होने की इच्छा रखते हैं। हमें खुशी है कि राजेंद्र नगर के इतने वरिष्ठ नेता आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में काम करना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं कालकाजी से विधायक आतिशी ने कहा कि 23 जून को राजेंद्र नगर विधानसभा का उपचुनाव है। राजेंद्र नगर विधानसभा के जिस भी हिस्से में हम जा रहे हैं, जनता का अपार समर्थन आम आदमी पार्टी के लिए, अरविंद केजरीवाल के लिए मिल रहा है। सभी यही कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल की सरकार ने काम किया है और हम अपने इलाके से अरविंद केजरीवाल के विधायक को चुनकर आगे भेजना चाहते हैं। आतिशी ने कहा कि हरचरण सिंह जी पिछले 30 सालों से कांग्रेस में थे। वह आनंद पर्वत ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष रहे हैं। 1983 से 2019 तक लगातार कांग्रेस नेताओं के चुनाव एजेंट रहे हैं। कृष्ण तीरथ, सुनील बजाजा, ब्रह्म यादव, अजय माखन आदि किसी का भी चुनाव रहा हो, सभी में हरचरण जी की अहम भूमिका रही है। वह दिल्ली लेबरबोर्ड के सदस्य भी रहे हैं। वह लेप्रोसी कमीशन के भी सदस्य रहे हैं।

## उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री संग्रहालय का किया दौरा




**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने सोमवार को तीन मूर्ति स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा किया। उन्होंने देशवासियों से स्वतंत्रता के बाद की भारत की यात्रा के बारे में जानने के लिए कम से कम एक बार इस विश्व स्तरीय संग्रहालय का दौरा करने आग्रह किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी एम ऊषा नायडू भी थीं। संग्रहालय में प्रधानमंत्रियों को भेंट की गई व्यक्तिगत कलाकृतियों और उपहारों को दीघाओं में प्रदर्शित किया गया है। नायडू ने कहा कि संग्रहालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का चश्मा और निजी कलम देखकर थोड़ा भावुक हो गया। संग्रहालय का दौरा करने के बाद उपराष्ट्रपति ने फेसबुक पर प्रधानमंत्री संग्रहालय के दौरे की अपनी तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि यह एक शानदार स्मारक है। यह पिछले 75 वर्षों में देश के विकास में उनके योगदान की कहानियां सुनाकर आजादी के बाद से भारत के सभी प्रधानमंत्रियों को श्रद्धांजलि देता है। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारतीय लोकतंत्र की जीवंत प्रकृति का जीवंत प्रतिबिंब और उत्सव है। इस भव्य स्मारक का उद्घाटन हाल ही में दिल्ली के तीन मूर्ति चौक पर चल रहे 'आजादी का अमृत महोत्सव' के हिस्से के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

नायडू ने कहा कि अत्याधुनिक संग्रहालय नवीनतम ऑडियो-विजुअल और इंटरैक्टिव तकनीकों के माध्यम से स्वतंत्रता के बाद से 14 भारतीय प्रधानमंत्रियों के योगदान को प्रदर्शित करता है। नायडू ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि संग्रहालय में एक विस्तृत खंड हमारे संविधान और उसके निमार्ताओं की कहानी सुना रहा है। भारत की इंद्रधनुषी विविधता का प्रतिनिधित्व करते हुए, सभी 22 भारतीय भाषाओं में मूल संविधान की प्रतियां संग्रहालय में प्रदर्शित की गई हैं। जैसे-जैसे हम परिसर में आगे बढ़ते हैं, तीसरी दुनिया के देश से एक उभरती हुई विश्व शक्ति तक भारत की विकास यात्रा की कहानी एक दिलचस्प और आकर्षक तरीके से सामने आती है। होलोग्राम, आभासी वास्तविकता, संवर्धित वास्तविकता, मल्टीमीडिया और इंटरैक्टिव कियोस्क के माध्यम से, अत्याधुनिक संग्रहालय आगंतुकों को इस अवधि के दौरान हमारे पिछले 75 वर्षों के इतिहास, प्रमुख घटनाओं और मील के पत्थर का एक मनोरम अनुभव प्रदान करता है।

## मुख्यमंत्री शिवराज ने दिया सहकारिता मंत्री अमित शाह को भोपाल आने का न्यौता



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने शाह को राज्य की नई सहकारिता नीति जारी करने के लिए भोपाल आने का न्यौता दिया। गृह मंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री चौहान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने सहकारिता मंत्री को राज्य की नई सहकारी क्षेत्र से जुड़ी एक ड्राफ्ट नीति सौंपी है। यह नीति विभिन्न हितधारकों सहित नीति आयोग के साथ विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई है। इसमें सहकारिता को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की आय बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। उन्होंने गृहमंत्री को आग्रह किया है कि वह भोपाल पधारें और नई सहकारिता नीति जारी करें। मध्य प्रदेश सरकार इसको लेकर सहकारी सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। मुख्यमंत्री चौहान ने बताया कि इसके साथ ही उन्होंने गृहमंत्री से आग्रह किया है कि राज्य के बालाघाट और लगते क्षेत्र में नक्सल समस्या से निपटने के लिए सीआरपीएफ की अतिरिक्त तैनाती कराएं। उन्होंने कहा कि राज्य के तीन जिले बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिले नक्सल प्रभावित हैं। राज्य ने नक्सल समस्या से सख्ती से निपटा है। इसके बावजूद महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में दबाव बनने पर नक्सल मध्य प्रदेश की ओर आ रहे हैं। इनसे निपटने के लिए अतिरिक्त तैनाती की आवश्यकता है।

## कोरोना खत्म नही हुआ है, राज्यों को अभी भी सतर्क रहने की आवश्यकता : मंडाविया

**-राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बातचीत कर, हर घर दस्तक 2.0 की प्रगति की समीक्षा की**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने सोमवार को कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है, कुछ राज्यों में कोरोना के बढ़ते मामलों की खबरें आ रही हैं। इस समय सतर्क रहने की आवश्यकता है और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए मास्क पहनना और शारीरिक दूरी बनाए रखने जैसे उचित व्यवहार (सीएबी) को नहीं भूलना चाहिए। डॉ मनसुख मंडाविया सोमवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के स्वास्थ्य मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ टीकाकरण अभ्यास हरघर दस्तक 2.0 की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से हुई इस समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि समय पर परीक्षण से कोरोना मामलों की शीघ्र पहचान हो सकेगी और समुदाय में संक्रमण के प्रसार को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से देश में नए वेरिएंट की पहचान करने के लिए निगरानी जारी रखने और जीनोम अनुक्रमण पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट, टीकाकरण और कोरोना उपयुक्त व्यवहार (सीएबी) के पालन की पांच-स्तरीय रणनीति को राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा जारी




रखने और निगरानी करने की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों से व्यक्तिगत रूप से 1 जून से शुरू हुए विशेष महीने भर चलने वाले हर घर दस्तक 2.0 अभियान की स्थिति और प्रगति की समीक्षा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश भर में पर्याप्त वैक्सीन खुराक उपलब्ध हैं। लेकिन राज्यों को सुनिश्चित करने के लिए कहा कि किसी भी कीमत पर टीकों की बबार्दी न हो।

## डेनमार्क के साथ ग्राउंड वाटर रिचार्ज और पराली से बिजली की संभावनाएं तलाशेगी दिल्ली सरकार



**नई दिल्ली।** भारत में डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वैन ने विशेषज्ञ प्रतिनिधिमंडल के साथ आज दिल्ली सचिवालय आकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। राजदूत के साथ आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने डेनमार्क में ग्राउंड वाटर रिचार्ज और पराली से बिजली उत्पादन को लेकर किए गए कार्यों को बताया और उसको लेकर विस्तार से चर्चा की। डेनमार्क में की गई पहल बेहतर रही तो दिल्ली में भी उसे अपनाया जा सकता है। विशेषज्ञों ने यह प्रजेंटेशन मुख्यमंत्री और डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वैन के बीच हाल ही में हुई बैठक के मद्देनजर दिया है। पिछली बैठक में मुख्यमंत्री ने पानी, वायु प्रदूषण और बिजली के क्षेत्र में डेनमार्क में हुए पहलों पर वहां के विशेषज्ञों से एक प्रजेंटेशन देने के लिए कहा था। उस बैठक में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और डीडीसी उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान डेनमार्क में ग्राउंड वाटर रिचार्ज, ग्राउंड वाटर निकासी और सीवेज प्रबंधन का गहन अध्ययन और विश्लेषण किया। सीएम अरविंद केजरीवाल कहा कि दिल्ली में हम जिस मुख्य समस्या का सामना कर रहे हैं, वह यह है कि ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग को व्यवस्थित और संगठित तरीके से लागू नहीं किया जा रहा है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से ऐसे मॉडल पेश करने को कहा, जिनके अनुसार दिल्ली में ग्राउंड वाटर रिचार्ज और ग्राउंड वाटर निकासी को अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान के तौर पर लागू किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें उम्मीद है कि मानसून अगस्त तक आएगा और सितंबर के मध्य तक रहेगा। दिल्ली को पानी से जुड़ी तमाम समस्याओं से निजात दिलाने के लिए दिल्ली सरकार युद्धस्तर पर काम कर रही है। हम ऐसे समाधान को लागू करने के इच्छुक हैं, जिससे कि हम इस मानसून से ही ग्राउंड वाटर रिचार्ज कर सकें और उसके संरक्षण के दायरे का विस्तार कर सकें। हम बारिश के पानी को स्टोर करने और बड़े पैमाने पर ग्राउंड वाटर को रिचार्ज करने के लिए मिशन मोड में कुछ परियोजनाओं को लागू करने पर विचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को तत्काल भूवैज्ञानिक विशेषज्ञों की मौजूदगी में डेनमार्क के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। जिससे कि ऐसी परियोजनाओं की व्यवहार्यता का आंकलन करने के लिए योजना बनाई जा सके और उन्हें जमीन पर जल्द से जल्द उतारा जा सकता है। सीएम अरविंद केजरीवाल का लंबी अवधि के लिए दिल्ली की जल आपूर्ति क्षमता को बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य लंबी अवधि के लिए एक योजना का पता लगाना है, जिससे कि दिल्ली का भूजल स्तर बढ़ाया जा सके। पानी के लिए दिल्ली अपने पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। हम ग्राउंड वाटर को रिचार्ज कर भूजल स्तर बढ़ाना चाहते हैं, ताकि उपचार के बाद आपूर्ति की जा सके और पानी के मामले में दिल्ली आत्मनिर्भर बन सके। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पराली के समाधान पर भी चर्चा की और पराली से बिजली उत्पादन का समाधान प्रस्तुत किया। प्रतिनिधि मंडल ने सीएम अरविंद केजरीवाल को बताया कि किस तरह से पराली को वैकल्पिक उपयोग में लाया जा सकता है। यहां तक कि इसका एडवांस बायो फ्यूल (उन्नत जैव ईंधन) के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

## उप्र विप चुनाव: केशव मौर्य समेत सभी 13 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 13 सीटों के हो रहे चुनाव में सभी उम्मीदवार सोमवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिये गये। इनमें भाजपा के नौ और सपा के चार उम्मीदवार हैं। भाजपा के विजयी नौ उम्मीदवारों में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी हैं। चुनाव प्रकिया के तहत सोमवार को नाम वापसी की आखिरी तारीख थी। अपराह्न तीन बजे तक नाम वापसी की समय सीमा बीतने के बाद निर्वाचन अधिकारी बृजभूषण दुबे ने औपचारिक रूप से सभी 13 उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की और नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। निर्विरोध निर्वाचित 13 उम्मीदवारों में नौ भाजपा और चार सपा के हैं। उप्र विधान परिषद की 13 सीटें छह जुलाई को खाली हो रही हैं। इसके लिए दो जून से चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई थी। नामांकन पत्रों के दाखिले की अंतिम तिथि नौ जून थी और कुल 13 उम्मीदवारों ने ही नामांकन किया था। 10 जून को नामांकन पत्रों की जांच में सभी के नामांकन वैध पाए गए। आज नाम वापसी का अंतिम दिन था। इसकी समय सीमा समाप्त होने के बाद सभी 13 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

## नुपुर शर्मा पर बीजेपी ने जब एक्शन ले लिया, तब फिर हंगामे की जरुरत क्यों : नीतीश

**-कुछ लोग जानबूझकर आपस में झगड़ा कराना चाहते**



**पटना।** पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी को लेकर जारी विवाद के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नूपुर शर्मा का समर्थन किया है। नूपुर शर्मा को लेकर सवाल पर नीतीश ने कहा, बीजेपी ने जब एक्शन ले लिया है, तब फिर इतने हंगामे की क्या जरूरत है। नीतीश ने कहा, बीजेपी ने नूपुर शर्मा के खिलाफ एक्शन ले ही लिया था। नूपुर के खिलाफ केस भी दर्ज हो चुका है। उसके बावजूद भी अगर कोई बात हो रही है, तब उस पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, कुछ लोग जानबूझकर आपस में झगड़ा कराना चाहते हैं। जरूरी नहीं है कि कोई भी चीज स्वभाविक हो। नीतीश ने कहा, कितना भी कुछ कर लीजिए आपस में भी कुछ लोग झगड़ा करवाते ही रहने वाले हैं। बिहार में कोई भी विवाद का माहौल नहीं है। उन्होंने कहा, रांची हिंसा के दौरान बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन पर हमला हुआ। यह झारखंड सरकार का दायित्व है कि इस मामले को देखें और जरूरी कार्रवाई की जाए। नीतीश ने कहा, बिहार सरकार ने तत्काल इस मुद्दे को झारखंड सरकार के साथ उठाया है। नूपुर ने पिछले दिनों पैगंबर मोहम्मद पर बयान दिया था। इसके बाद काफी विवाद हुआ। यहां तक कि अरब देशों ने भी नूपुर के बयान की निंदा की। इसके बाद बीजेपी ने नूपुर शर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया था।

## मौजूदा समय में युद्ध और शांति के बीच की सीमा काफी धुंधली हुई : रक्षा मंत्री

**- भारत ने न किसी देश पर हमला किया है और न ही किसी देश की एक इंच भूमि पर कब्जा किया**

**- राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा में अब सैन्य हमले के बजाय कई अनेक गैर-सैन्य आयाम भी जुड़ गए**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज तक भारत ने किसी देश पर आक्रमण किया है और न ही किसी देश की एक इंच भूमि पर कब्जा किया है। भारत ने हमेशा वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया है। मौजूदा समय में युद्ध और शांति के बीच की सीमा काफी धुंधली हो गई है, क्योंकि शांतिकाल के दौरान भी अनेक मोर्चों पर युद्ध चलते रहते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा अब पहले की अपेक्षा बहुत व्यापक हो गई है। सामान्य तौर पर तो इसे सैन्य हमले से जोड़ा जाता था लेकिन अब इसमें अनेक गैर-सैन्य आयाम भी जुड़ गए हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में '28वें संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि छोटे मन का इंसान कभी कुछ बड़ा कर ही नहीं सकता है। बड़ा करने के लिए बड़ा और ऊंचा मन होना चाहिए। इसी तरह के ऊंचे मन और आदर्शों वाले लाल बहादुर शास्त्री महापुरुष थे, जिनके नाम पर लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का नामकरण हुआ है। इस संस्थान ने प्रशिक्षण के माध्यम से पिछले अनेक दशकों में देश की बेजोड़ सेवा की है। उन्होंने कहा कि युद्ध और शांति के बीच की सीमा काफी धुंधली हो गई है क्योंकि शांतिकाल के दौरान भी अनेक मोर्चों पर युद्ध चलते रहते हैं। इसे पिरैक विक्ट्री कहा जाता है, यानी ऐसी जीत, जो किसी काम की न हो। ऐसे में हम पिछले कुछ दशकों में दुनिया



की बड़ी शक्तियों ने पूर्ण पैमाने पर युद्ध को नजरअंदाज किया है। अब इनकी जगह छद्म और गैर संपर्क युद्ध ने ले लिया है। इस तरह के संयुक्त नागरिक-सैन्य कार्यक्रम इस राह में अपनी भूमिका लगातार बनाए रखेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि हम समन्वय के जिस पथ पर आगे बढ़ रहे हैं, वह न केवल हमारी अपनी समग्र सुरक्षा, बल्कि पूरे विश्व में शांति के एक नए दौर तक पहुंचेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि आधुनिक युग में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका की विजय के पीछे केवल सैनिकों का ही योगदान नहीं था बल्कि इस महायुद्ध में अमेरिकी समाज के अन्य लोगों, खासकर महिलाओं ने भी अपना पूरा योगदान दिया था। आजादी के पहले देश में बिल्कुल अलग शासन व्यवस्था थी। सैकड़ों की संख्या में रियासतों की अपनी व्यवस्था थी, तो अंग्रेजों की अपनी अलग लेकिन 1947 में स्वतंत्रता मिलने के बाद इस देश ने शासन की पुरानी धारा को नए स्वरूप में परिवर्तित होते देखा। देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए कार्यों का यह विभाजन आवश्यक था लेकिन देश के सभी हिस्सों का समान रूप से विकास नहीं हो पाया। रक्षामंत्री ने कहा कि यहां जब मैं तालमेल या सभी संस्थानों के एक साथ मिलकर आगे बढ़ने की बात कर रहा हूं, तो इसका यह मतलब कतई नहीं निकाला जाना चाहिए कि वह आपस में एक दूसरे के अधिकारों का अतिक्रमण करें। इसका अर्थ यह कतई न हो कि वे एक दूसरे की स्वायत्तता का अतिक्रमण करें, बल्कि वह आपस में इंद्रधनुष के रंग की तरह घुलें-मिलें। अपने अनुभवों की चिंताओं को साझा करें। नागरिक प्रशासन और सशस्त्र बलों के लिए तैयार होने की संभावनाएं हैं। इसी तरह ग्रे जोन संघर्ष से निपटने के लिए और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए भी हम संयुक्तता की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

# सम्पादकीय


## जुमे की नमाज बहाना, मकसद देश को झुलसाना

कोई समझे या न समझे पर गुजरे शुक्रवार को भड़के दंगों की कहानी पहले ही लिखी जा चुकी थी। जुमे की नमाज का तो बहाना था। असल में इसका मकसद देश को जलाना था। ऊपरी तौर पर तो यही लगा कि पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी के विरोध और नुपुर शर्मा और नवीन जिंदल की गिरफ्तारी को लेकर नमाज के बाद देशभर में मुस्लिम संगठन सड़क पर उतरें हैं। मगर इसके पीछे की कहानी कुछ और ही है। इसे गंभीरता से समझने पर उपद्रवियों का खेल स्पष्ट रूप से समझ में आ रहा है। सभी दंगाइयों को एक समय और एक ही दिन कमांड मिली। यह सब किसके इशारे पर हुआ? कैसे हुआ? क्यों हुआ? अभी इसकी तस्वीर सामने आनी बाकी है। लेकिन यह सब कुछ शुक्रवार को नमाज अदा करने के बाद हुआ। एक साथ कई राज्यों में हुआ। इससे बहुत कुछ समझ में आता है। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में बवाल हुआ। राजस्थान के भी कई जिलों में भी प्रदर्शन किया गया। दिल्ली में जामा मस्जिद के बाहर भड़काऊ नारेबाजी और प्रदर्शन किया गया। पुलिस के अनुसार सबसे ज्यादा हिंसक प्रदर्शन झारखंड की राजधानी रांची में हुआ। कोलकाता को भी उपद्रवियों ने प्रभावित किया । मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में भी दंगाइयों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रयागराज में दंगाइयों ने हिंसा की। कुछ लोगों की मौत हो गई। तमाम पुलिस अफसर जख्मी हुए। हिंदुओं के पूजास्थलों को निशाना बनाया गया। राह चलते लोगों पर नाम पूछकर हमला किया गया। बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन की गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया। दंगाइयों ने कोलकाता से सटे हावड़ा में भाजपा के दो कार्यालयों पर पथराव किया और वहां उस समय जितने भी लोग मौजूद थे उनको पीटा । डोमजूर थाने को भी निशाना बनाया गया। इससे साबित होता है कि देश में दंगाइयों को ऑपरेट करने वाला नेटवर्क बहुत स्ट्रांग है। चूंकि पूरे देश के दंगाई मुसलमानों ने एक साथ जिस तरह हमला किया वह बेहद आश्चर्यचकित करने वाला है। यहां देश के शासन-प्रशासन को इस पूरे प्रकरण से यह तो सीख मिल गई होगी कि यदि ऐसे लोगों को नियंत्रित करने के लिए शक्ति नही बढ़ाई गई तो निश्चित तौर पर देश का भविष्य संकट में हैं। अब दंगाइयों के हौसले बुलंद हैं। उनमें भय नाम की चीज नहीं है। जरा सी बात पर देश को जला देते हैं। और जिस तरह हमला करते हैं उससे एक बात तो स्पष्ट है कि इन लोगों को निश्चित तौर पर ट्रेनिंग दी जाती है। एक आम इंसान आसानी से पत्थर व हथियार नहीं उठा सकता और जिस तरह शुक्रवार को दंगों के वीडियो और फोटो सामने आए उससे स्पष्ट है कि यह ट्रेनिंग के बिना संभव नहीं। इससे यकीनी तौर पर कहा जा सकता है कि यह दंगे सुनियोजित थे। देश में नागरिकों के रूप में रह रहे बहुत सारे 'आतंकी' पनप रहे हैं। इससे देश की स्थिति बेहद चिंताजनक होती जा रही है। यह संकेत अच्छा नहीं है क्योंकि इसमें देश के तमाम मुसलमान युवाओं को धर्म के नाम पर भड़काया जा रहा है। हम इस तरह की बातें कश्मीर के लिए करा करते थे लेकिन अब यह खेल पूरे देश में होने लगा। अब तो पहले ज्यादा लव जिहाद व आतंकी घटनाएं सामने आ रही हैं। देश में मुसलमानों को जितनी स्वतंत्रता से जीने की आजादी है, उतनी कहीं नही हैं। दरअसल हमारे देश में राजनीति किसी भी चीज पर एक्सपेरीमेंट कर सकती है। यहां छोटी सी घटना पर मुसलमानों के आका पूरी कौम को इस तरह भड़काते हैं मानो उनके साथ बड़ा अत्याचार किया जा रहा है। वह दूसरे देशों की स्थिति नही देखते। यदि पड़ोसी देश की कुछ घटनाओं को लेकर चर्चा करें तो चीन उइगर मुस्लिमों का पिछले कई वर्षों से सुनियोजित तरीके से शोषण करता रहा है। चीन पर उइगर मुस्लिमों के नरसंहार से लेकर जबरन मजदूरी कराने, जबरन नसबंदी कराने और महिलाओं से दुष्कर्म के आरोप हैं। मानवाधिकार संगठनों का आरोप है कि चीन ने नजरबंदी कैंपों में बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के दस लाख से भी ज्यादा उइगर मुस्लिमों को बंदी बना रखा है। चीन सरकार के आंकड़ों के मुताबिक उइगर मुस्लिमों के ज्यादातर इलाकों में 2015-18 के दौरान जन्म दर साठ प्रतिशत से ज्यादा गिर गई। 2019 में शिनजियांग में जन्म दर में चौबीस प्रतिशत की गिरावट आई। चीन पर 2014 से लगभग सात सौ इमाम और अन्य मुस्लिम धार्मिक नेताओं को गिरफ्तार करने का आरोप है। इनमें से 18 की हिरासत में मौत हो चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन न केवल शिनजियांग बल्कि चीन के बाहर भी उइगर मुस्लिमों पर नजर रखने के लिए लगातार उनकी ट्रैकिंग करता है। इतना ही नहीं चीन उइगर मुस्लिमों को दाढ़ी कटाने के लिए भी बाध्य करता रहा है।

## विश्व रक्त दाता दिवस



लेखक- डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन /ईएमएस




2022 के लिए, विश्व रक्त दाता दिवस का नारा है "रक्तदान एकजुटता का कार्य है। स्वैच्छिक रक्तदान जीवन बचाने औरदिवस समुदायों के भीतर एकजुटता बढ़ाने में भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रयास में शामिल हों और जीवन बचाएं"। इस साल मेक्सिको अपने राष्ट्रीय रक्त केंद्र के माध्यम से विश्व रक्तदाता दिवस 2022 की मेजबानी करेगा। और वैश्विक कार्यक्रम 14 जून 2022 को मैक्सिको सिटी में आयोजित किया जाएगा। विश्व रक्तदाता दिवस स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले उन रक्त दाताओं को धन्यवाद करने का अवसर है, जो कई लोगों का जीवन बचाते हैं। कई बार आपात स्थिति में एक्सीडेंट के दौरान या फिर ऑपरेशन या किसी अन्य कारण से खून की आवश्यकता जब मरीज को पड़ती है, ऐसे में रक्तदाताओं द्वारा दान किए गए खून से कई लोगों की जान बचाई जाती है। ऐसे ही ब्लड डोनर्स के महत्व और उन्हें धन्यवाद करने के लिए प्रति वर्ष 14 जून को वर्ल्ड ब्लड डोनर डेह्य मनाया जाता है। हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना और स्वैच्छिक रक्तदाताओं को धन्यवाद करना है। यह दिवस 14 जून 1868 को जन्मे नोबेल पुरस्कार विजेता और एबीओ रक्त समूहह्व की खोज करने वाले कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है। इस मौके पर डब्ल्यूएचओ दुनिया भर के लोगों से एकजुटता के भाव में रक्त दान करने का आह्वान करता है। आज भी कई लोगों को रक्त की आवश्यकता पड़ रही है ऐसे में एक बार फिर यह अंतर्राष्ट्रीय दिवस यह सुनिश्चित करेगा कि सभी जरूरतमंद लोगों तक रक्त पहुंच सके और किसी की भी मौत रक्त के आभाव की वजह से ना हो। विश्व रक्तदाता दिवस मनाए जाने की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस संघ, और रेड क्रिसेंट समाज द्वारा वर्ष 2004 में की गई थी, जिसमें 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के रूप में मनाए जाने की बात कही गई थी। जिसके बाद पहला विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून 2004 को मनाया गया था, और 2005 में इसे 58वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में वार्षिक वैश्विक कार्यक्रम के रूप में नामित किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता है, उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था। वह एक ऑस्ट्रियाई जीव वैज्ञानिक, चिकित्सक और प्रतिरक्षा विज्ञानी थे, उन्हें आधुनिक रक्त आधान का संस्थापक माना जाता है उनके कारण ही रोगी के जीवन को खतरे में डाले बिना ब्लड ट्रांसफ्यूजन संभव हो पाया है। कार्ल ने ही एबीओ ब्लड ग्रुप सिस्टम की खोज की थी, जिसके लिए वर्ष 1930 में उन्हें नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। दुनिया भर में रक्त की जरूरत को पूरा करने, लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने तथा स्वैच्छिक रक्त दाताओं का मनोबल बढ़ाने और उन्हें धन्यवाद देने के लिए हर साल विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है, क्योंकि इस अभियान से लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है। ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए सुरक्षित रक्त और रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना गर्भवती महिलाओं और बच्चों के जीवन को बचाने के लिए रक्तदान करने वाले लोगों को प्रेरित करना। स्वेच्छा और बिना भुगतान वाले (बिना पैसे लिए) रक्त दाताओं को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करना। बीमारियों आपदाओं और दुर्घटनाओं से पीड़ित सभी उम्र के लोगों का जीवन बचाने के लिए सुरक्षित रक्त की आवश्यकता होती है, आपके द्वारा किया गया रक्तदान लोगों का जीवन बचाता है।

**इस मौके पर आप क्या कर सकते हैं?**

अपने ब्लड ग्रुप का पता लगाएं और रक्तदाता के रूप में रजिस्ट्रेशन करें। नियमित डोनर बनने का संकल्प लें और रक्तदान करें। अपने परिवार के लोगों मित्रों व सामाजिक नेटवर्क को नियमित रक्तदाता बनने के लिए प्रोत्साहित करें।

**विश्व रक्तदाता दिवस कैसे मनाया जाता है?**

भारत का केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय विश्व रक्तदाता दिवस का नेतृत्व करता है और विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाकर नियमित रक्त दाताओं से रक्तदान करने का आग्रह करता है। इसके अलावा सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप-जिला और जिला अस्पतालों तथा ब्लड बैंकों व विभिन्न स्तरों पर ब्लड ग्रुप टेस्ट करने के लिए उचित सुविधा तथा रक्त दाताओं को बधाई देने और प्रतिज्ञा लेने का समारोह भी आयोजित किया जाता है। इस दिन को विश्व स्वास्थ्य संगठन, रेड क्रॉस अंतरराष्ट्रीय संघ और रेड क्रीसेंट समाज और रक्तदान संगठनों और कई दूसरे संगठनों द्वारा वैश्विक स्तर पर लोगों को ब्लड डोनेशन के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कई अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन करके मनाया जाता है। साथ ही सार्वजनिक स्थलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और दूसरे शैक्षिक संस्थानों पर भी रक्तदान के लिए कैंप लगाए जाते हैं जहां लोग स्वेच्छा से आकर ब्लड डोनेट कर सकते हैं। आज भी दुनिया भर में लोगों के बीच रक्तदान को लेकर कई अलग-अलग भ्रम है कई लोग रक्तदान करते समय में काफी ज्यादा डरते हैं लेकिन हम आपको बता दें कि ब्लड डोनेट करने से कोई खतरा नहीं होता, परन्तु आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। पुरुष 3 महीने में और एक महिला 4 महीने में एक बार रक्तदान कर सकती है। रक्तदान करने के 21 दिन बाद आपका खून दोबारा बन जाता है। ब्लड डोनेट करने से किसी भी तरह की कमजोरी या फिर हीमोग्लोबिन की कमी नहीं होती। रक्तदान करने से पहले या बाद में शराब या धूम्रपान का सेवन ना करें साथ ही सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू गुटखा खाने से भी बचे। खून देने के बाद आपको अपने शरीर का खास ख्याल रखना होता है ऐसे में आप हेल्दी डाइट ही ले और अधिक से अधिक मात्रा में फल और जूस आदि का सेवन करें। ब्लड डोनेशन के बाद कम से कम 12-18 घंटे के बाद तक हैवी एक्सरसाइज ना करें। इससे आपका वजन नियंत्रित तो होता ही है साथ ही लीवर भी स्वस्थ रहता है। 18 से 65 वर्ष वर्ष की आयु वाला कोई भी व्यक्ति रक्तदान कर सकता है जिसे कोई भी संक्रमण या रोग ना हो साथ ही उसका न्यूनतम वजन 50 किलोग्राम होना चाहिए। ऐसे लोग रक्तदान नहीं कर सकते जो एचआईवी या हेपेटाइटिस पॉजिटिव हो, 6-12 महीनों के दौरान दिल का दौरा पड़ा हो या हाल ही में मलेरिया हुआ हो अथवा कोई टैटू बनवाया हो।

**अंतिम शब्द –** दोस्तों अब तो आप समझ ही गए होंगे कि रक्तदान कितना महत्वपूर्ण है और रक्तदाता भी किसी भगवान से कम नहीं है, हम विश्व रक्तदाता दिवस 2022 के अवसर पर उन सभी रक्तदाताओं को हार्दिक नमन और धन्यवाद करते हैं जिन्होंने निस्वार्थ और स्वेच्छा से रक्तदान किया है और करते आ रहे हैं। अगर आप भी रक्तदान के सभी मानकों को पूरा करते हैं तो आप भी ब्लड डोनेट कर सकते हैं आपका रक्तदान किसी के जीवन को बचाने में कारगर साबित हो सकता है।

## आज का कार्टून।




## क्रूरता का भाव



लेखक-सिद्धार्थ शंकर /ईएमएस


बच्चों में पनपती हिंसक प्रवृत्ति दिनों-दिन चिंता का सबब बनती जा रही है। इस प्रवृत्ति में क्रूरता का भाव और भी ज्यादा चिंता बढ़ा रहा है। पबजी गेम या इस तरह के दूसरे खेलों में बाधक बनने या पैसे न देने के चक्कर में कई बेटे अपने पिता या माता को मार चुके हैं। इसलिए लखनऊ की घटना को पहली कतई नहीं माना जा सकता। मगर इस घटना में क्रूरता के जो भाव छिपे हैं, वह सोचने पर जरूर विवश करते हैं। लखनऊ के पबजी हत्याकांड में मां की हत्या करने वाले नाबालिग बेटे ने कबूला है कि उसने रात को 2 बजे मां को गोली मारी थी, लेकिन दोपहर 12 बजे तक वो जिंदा रहीं, तड़पती रहीं। मौत होने के इंतजार में वो बार-बार दरवाजा खोलकर मां को तड़पते हुए देखता था। फिर कमरे का लॉक बंद कर देता था। मां की हत्या करने वाले बेटे ने बताया कि 4 जून शनिवार की रात वह मां के साथ ही सोया था। पिस्टल उसी कमरे की अलमारी में रखी थी। मां के सिरहाने से चाबी निकालकर करीब 2 बजे अलमारी से पिस्टल निकाली। पिस्टल को मां की कनपटी पर दाईं तरफ सटाया और आंख बंद करके ट्रिगर दबा दिया। कातिल बेटे ने पुलिस को बताया कि गोली लगने के बाद मां बेड पर छटपटाने लगी। उसे वह उसी हालत में छोड़कर बहन को लेकर दूसरे कमरे में चला गया। दूसरी गोली मारने की इच्छा नहीं हुई। इसलिए मां के मरने का इंतजार करने लगा। हर घंटे कमरे में जाता और मां को तड़पते देखता, लेकिन मन में एक बार भी ख्याल नहीं आया कि उनकी जान बचाई जाए। हर बार पास जाकर नाक पर हाथ रखकर देखता था कि सांस रुकी कि नहीं। 10 घंटे में 8 बार उनकी सांस चेक की। दोपहर 12 बजे आखिरी बार गया तो मां के शरीर मे कोई हरकत नहीं थी। सांस भी थम चुकी थी। तब जाकर बेटे को भरोसा हुआ कि मां अब मर चुकी है। लंबे समय से इसे लेकर मंथन चल रहा है कि आखिर बच्चों का ऐसा मानस बन कैसे रहा है और इस पर नकेल कसने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं। ज्यादातर अध्ययनों की सुई इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर बच्चों के अधिक समय बिताने और इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री में रमे रहने पर जाकर टिक जाती है। बच्चों के भीतर वही हिंसा की जड़ें रोपते हैं। पिछले कुछ सालों से किशोरों में नशे की बढ़ती लत को लेकर भी चिंता जताई जाती रही है।

नशे की गिरफ्त में आए बच्चों का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है और वे हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। अपने माता-पिता से हिंसक बर्ताव करने लगते हैं। मगर सबसे भयावह लत इंटरनेट पर खेले जाने वाले खेलों की लगी है। इंटरनेट पर कई ऐसे खेल आए, जिनकी लत के शिकार बच्चों ने खुदकुशी कर ली या किसी की जान ले ली। तमाम अध्ययनों से जाहिर है कि ज्यादा समय मोबाइल फोन या कंप्यूटर पर खेलने में बिताने की वजह से बच्चों के शरीर और मन पर बुरा असर पड़ रहा है। दुनिया भर में इस लत का इलाज करने के लिए अस्पतालों में अलग से विभाग खोल दिए गए हैं। मगर इस लत में कमी के बजाय बढ़ोतरी ही दर्ज हो रही है। इसका एक कारण तो यह बताया जाता है कि कोरोना संकट के समय जब स्कूल बंद थे, तो बच्चों को इंटरनेट के जरिए कक्षाएं लेना मजबूरी हो गई थी। इस वजह से माता-पिता ने उन्हें स्मार्ट फोन दे दिए। मगर मोबाइल अब महज संचार उपकरण नहीं, एक घातक हथियार का रूप लेता गया है। इंटरनेट पर अथाह सामग्री पड़ी हुई है। उस सामग्री का इस्तेमाल हर कोई अपने ढंग से कर रहा है। मगर किशोर वय के लोगों को वही सामग्री अधिक आकर्षित करती है, जो सामान्यतया समाज में वर्जित है। अब वे उसका इस्तेमाल करने को स्वतंत्र हैं। इसकी वजह से उनमें हिंसक प्रवृत्तियां पनप रही हैं। इस समस्या को देखते हुए दुनिया भर में चर्चा चलती रही है कि कैसे आपत्तिजनक, बाल और किशोर मन पर बुरा असर डालने वाली सामग्री की उपलब्धता रोकी जाए। जब किसी खेल की वजह से कोई बड़ी घटना हो जाती है, तो सरकारें उस पर रोक लगा देती हैं।

## धर्म का मूल केंद्र है वर्तमान

धर्म जगत ने धर्म को केवल परलोक के साथ जोड़कर भारी भूल की है। इसका परिणाम यह हुआ कि धर्म का असली प्रयोजन तिरोहित हो गया। वह स्वर्ग-सुखों के प्रलोभन और नरक-दुख के भय से जुड़ गया। हर धर्म-प्रवर्तक ने धर्म को जीवन से जोड़ा, किंतु धर्म-परंपराओं ने उसे स्वर्ग और नरक से जोड़ दिया। धर्म का मूल केंद्र वर्तमान है न कि भूत और भविष्य। हम वर्तमान क्षण को कैसे जियें, धर्म का सारा दर्शन इसी पर टिका हुआ है। वर्तमान विषम है तो भविष्य भी विषम होगा। यदि वर्तमान सम और सुखमय है तो भविष्य भी सम और सुखमय ही होगा। यानी भविष्य वैसा ही होगा जैसा वर्तमान है। इसीलिए धर्म का असली प्रयोजन वर्तमान को सजाने-संवारने का है। इस केंद्रीय विचार से भटक जाने के कारण धर्म भूत और भविष्य में उलझ गया। वर्तमान को उसने बिल्कुल ही भुला दिया। इसलिए लोगों ने वर्तमान को केवल अतीत का परिणाम मान लिया। इससे भाग्यवाद की विचारधारा का जन्म हुआ। भाग्य को बदला नहीं जा सकता, इसलिए वे वर्तमान से विमुख हो गए और भविष्य की चिंता में पड़ गए। जिसके पास कोठी, महंगी कार और विदेशों में छुट्टी मनाने के साधन हैं, वे अतीत के परिणाम हैं। जो वैभव-संपन्न नहीं हैं, वे जप-तप में इसलिए लगे हैं ताकि भविष्य में भी साधन-संपन्न बन सकें। ऐसे में धर्म का पूरा उद्देश्य ही बदल गया। जो आत्म-केंद्रित था, वह वस्तु-केंद्रित हो गया। जो वस्तु-विमुख था, वह वस्तु-सम्मुख बन गया। इसी विचार के फलस्वरूप धर्म के नाम पर व्यापार और सौदेबाजी चलने लगी। जहां भी प्रलोभन और भय है वहां धर्म नहीं है। धर्म है आत्म उज्ज्वलता का साधन। धर्म है सोई हुई शक्तियों के पुनर्जागरण का उपादान। यह है आत्म-स्वभाव में रमण। धर्म ही है आत्म शांति और विश्व शांति का एकमात्र साधन। वर्तमान जीवन को आनंदपूर्ण बनाने का गुर। भगवान महावीर ने कहा है- आत्मा ही नरक है, आत्मा में ही स्वर्ग है, आत्मा में ही बंधन है, आत्मा में ही मोक्ष है। जिसके भीतर नरक नहीं, उसके लिए बाहर कहीं भी नरक नहीं। जिसके भीतर स्वर्ग नहीं, उसके लिए बाहर कहीं भी स्वर्ग नहीं। महावीर ने भीतर पर जोर दिया जबकि हम बाहर पर जोर दे रहे हैं। बाहर के स्वर्ग और नरक की चिंता में उलझे हैं। इसी चिंतन का दुष्परिणाम यह हुआ कि बाहर से जप-तप, पूजा-पाठ चल रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ छल-कपट, झूठ, शोषण, राग-द्वेष, नफरत भी पल रहे हैं। यानी धर्म करते हुए भी जीवन में कोई परिवर्तन नहीं है, कोई प्रांति नहीं है। इसी वजह से जीवन की शांति गायब हो गई। शांति वर्तमान में ही घटित हो सकती है। इसलिए हम अपने को वर्तमान से जोड़ें, उसे सजायें-संवारें, संगीतमय और आनंदमय बनाएं। यही धर्म है।

## योगी का राजधर्म निर्वाह



लेखक-डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ( ईएमएस)

आस्था पर प्रहार विचलित करता है। लेकिन विरोध की अभिव्यक्ति सभ्य और संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप होनी चाहिए। ज्ञानवापी सर्वे के बाद हिन्दू आस्था पर अनगिनत अमर्यादित टिप्पणी की गईं। ऐसा करने वालों में सेक्युलर सियासती के दावेदार सबसे आगे रहे। कट्टरपंथी मुस्लिम नेता और कतिपय स्वयंभू दलित चिंतक भी अपनी भड़ास निकालने में पीछे नहीं दिखे। इन्होंने तथ्यविहीन कहानियों के आधार पर औरंगजेब जैसे धर्मान्ध शासक को महान साबित करने का प्रयास किया। लेकिन इनके प्रयास ऐतिहासिक प्रमाणों के सामने बौने साबित हुए। बावजूद इसके हिन्दू समाज ने कहीं भी हिंसक प्रदर्शन नहीं किया। दूसरी ओर चैनल की बहस से मात्र एक क्लिप लेकर दुनिया में भारत की छवि बिगाड़ने का अभियान चलाया गया। इस बयान के प्रति खेद व्यक्त किया गया। इसे वापस लिया गया। किन्तु हिन्दू आस्था पर प्रहार करने वालों को कोई शर्मिंदगी नहीं हुई। समाज में अराजकता फैलाने वालों के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजधर्म का निर्वाह कर रहे हैं । ऐसा नहीं योगी आदित्यनाथ कोई नया प्रयोग कर रहे हैं। पांच वर्ष से वह इस राजधर्म पर अमल कर रहे हैं। यही कारण है कि जिस प्रदेश में सैकड़ों दंगे हुआ करते थे ,वहां पांच वर्ष में एक भी दंगा नही हुआ। कुछ समय पहले धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतारने या आवाज धीमी करने का विषय आया था। योगी आदित्यनाथ ने ऐसा करने का निर्देश सर्वप्रथम गौरक्ष पीठ और मथुरा के श्री कृष्ण धाम को दिया। योगी आदित्यनाथ संन्यासी हैं । श्री महंत हैं। धार्मिक स्थलों के प्रति उनकी आस्था सहज स्वाभाविक है। इसके बाद भी वह मुख्यमंत्री के संवैधानिक दायित्वों का निर्वाह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करते हैं । योगी का पहला निर्णय अपने आस्था के स्थलों के प्रति था। देखते ही देखते लाखों की संख्या में मन्दिर-मस्जिद से लाउडस्पीकर उतार लिए गए या उनकी आज परिसर तक सीमित कर ली गई। पहली बार प्रदेश की सड़कों पर धार्मिक आयोजन नहीं किए गए । लेकिन प्रदेश में ऐसी ताकतें भी है, जिन्हें शांति व्यवस्था पसन्द नहीं



रही है । ऐसे लोग अवसर की तलाश में रहते हैं । नागरिकता संबंधी कानून उत्पीड़ित बंधुओं को नागरिकता प्रदान करने के लिए था, लेकिन आंदोलनजीवियों ने कहा कि इस कानून से वर्ग विशेष की नागरिकता छिन जाएगी।फिर क्या था कौआ कान ले गया कि तर्ज पर प्रदर्शन शुरू हो गए।

शाहीन बाग, घंटाघर आदि इस सियासत के स्थल बन गए। यहां महिलाओं को आगे करके आंदोलन चलाया जा रहा था । विवादित बयान के अराजक प्रदर्शन में बच्चों को आगे कर दिया गया । मतलब आंदोलनजीवी केवल अपनी तकनीक बदलते हैं । इसके पीछे की मानसिकता एक जैसी है । देश में अराजकता दिखा कर उसको दुनिया में प्रसारित किया जाता है । किसानों के नाम पर चले आंदोलन का भी यही अंदाज था। ऐसे आंदोलन या प्रदर्शन सुनियोजित होते हैं । इनके संचालन का अर्थतंत्र भी चर्चा में रहता है। सरकार यदि पहले ही इस अर्थतंत्र को निगरानी में लेती तो सूत्रधार सामने आ सकते थे । उनकी असलियत सामने आ जाती । इस बार भी देखा गया कि जुमे की नमाज के बाद गरीब बच्चे ही आगे थे ।योगी आदित्यनाथ ने अराजकता के सूत्रधारों पर नकेल कसने के निर्देश दिए हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साजिशकताओं ने अपने कुत्सित उद्देश्यों के लिए किशोरवय युवाओं को सहारा बनाया। ऐसे में मुख्य साजिशकताओं की पहचान जरूरी है। इन लोगों का उद्देश्य प्रदेश के शांति सौहार्द को बिगाड़ना है। ऐसी कोशिशों को नाकाम किया जाएगा। कार्रवाई ऐसी हो जो असामाजिक तत्वों के लिए एक नजीर बने। माहौल बिगाड़ने के बारे में कोई सोच भी न सके। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्थानीय स्थिति-परिस्थिति को देखते हुए अपने यथोचित निर्णय लें। प्रयागराज में वसूली की नोटिस भेजे जाने की कार्रवाई प्रारम्भ हो गई है। अन्य जनपदों में ऐसा ही करने का योगी ने निर्देश दिया। कहा कि इससे सम्बन्धित ट्रिब्यूनल है। इनके माध्यम से नियमसंगत कठोरतम कार्रवाई की जाए। अवैध कमाई समाजविरोधी कार्यों में ही खर्च होती है। ऐसे में साजिशकताओं और अभियुक्तों के बैंक खातों, सम्पत्ति आदि का पूरा विवरण एकत्रित कराया जा रहा है । शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कड़ाई की आएगी। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजकतत्वों के साथ पूरी कठोरता बरती जाएगी। ऐसे लोगों के लिए सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक भी निर्दोष को छेड़ें नहीं और किसी भी दोषी को छोड़े नहीं। साजिशकताओं और अभियुक्तों की पहचान कर उनके विरुद्ध एनएसए अथवा गैंगस्टर के नियमों के तहत नियमसंगत कार्रवाई होगी ।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## प्रसंगत: उदारता की जीत

राजा चंद्रसेन एक न्यायप्रिय शासक था। वह कभी किसी के साथ अन्याय नहीं होने देता था। एक बार पड़ोसी राजा ने उसके राज्य पर आक्रमण कर दिया। चंद्रसेन स्वयं पड़ोसी राजा से भिड़ गया। थोड़ी ही देर में चंद्रसेन ने उसे जमीन पर गिरा दिया और उसके सिर पर तलवार का वार करने ही वाला था कि दूसरे राजा के मुंह से कुछ अपशब्द निकल गए। अपशब्द सुनकर चंद्रसेन ने अपनी तलवार रोक ली और कुछ सोचते हुए उसे म्यान में रख लिया। वहां उपस्थित सभी सैनिक आश्चर्य में पड़ गए। वे चंद्रसेन से बोले, 'आपने अपना हाथ क्यों रोक लिया। इसे मार डालिए। इसे जिंदा छोड़ना ठीक नहीं होगा।' सैनिकों की बात सुनकर चंद्रसेन ने कहा, 'मैं युद्ध अपने देश की रक्षा के लिए लड़ रहा हूं। यदि मैं इसी समय इसे मार देता हूं तो मुझे अफसोस नहीं होगा मगर इसने मुझे अपशब्द कहे, जिसके कारण मेरी लड़ाई हमारे राष्ट्र की न होकर व्यक्तिगत हो गई। देश रक्षा के लिए मैं अपने पूरे युद्ध कौशल से लड़ रहा था, किंतु व्यक्तिगत होने पर मैं गुस्से में आ गया। यदि मैं इसे मार देता तो मैं स्वार्थी कहलाता।' इतना कहकर चंद्रसेन ने दूसरे राजा को तलवार दी और युद्ध करने को कहा। लेकिन उस राजा ने लड़ने से इनकार कर दिया और उसके आगे सिर झुकाकर कहा, 'आपने अपने उच्च विचारों से मुझे जीत लिया है। अब आप चाहे तो मुझे मार दें।' चंद्रसेन ने उस पर वार नहीं किया और उसे क्षमा कर दिया। वह राजा सेना सहित लौट गया।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का शोषण कर रही सरकार : कुलदीप बैनीवाल

## मांगों बारे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**हिसार, (हि.स.)।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर सिंचाई विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने सोमवार को अपनी मांगों के हल के लिए रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता के माध्यम से ईआईसी को ज्ञापन सौंपा गया। रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान कुलदीप बैनीवाल ने की जबकि सहसचिव सुनील सिंह ने संचालन किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को को संबोधित करते हुए प्रधान कुलदीप बैनीवाल ने कहा कि हरियाणा सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का शोषण कर रही है।

हरियाणा सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि कैनाल गार्ड जो कि कि 10 2 पर लगाए गए और साथ में पुलिस फिजिकल था अब जो सब पोस्ट को एक में करने का फैसला किया है वो बिल्कुल गलत है और कर्मचारी इसका विरोध करते हैं। पूर्व जिला प्रधान रमेश शर्मा ने कहा कि सरकार कच्ची नौकरी से काम पक्का करवा रही है और उनसे दोहरी ड्यूटी ली जा रही है। इसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने मांग की कि कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए और सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, सभी विभागों में रिक्त पदों




पर स्थाई भर्ती की जाए, समान काम-समान वेतन दिया जाए, एजुसेट चौकीदारों से दोहरी ड्यूटी ना ली जाए, पुलिस विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से श्रम कानूनों के अनुसार 12-14 घंटे की बजाय आठ घंटे काम लिया जाए। यूनियन नेता जयवीर सिंह दलाल ने बताया कि राज्य कमेटी के आहवान पर 22-23 जून को शिक्षा मंत्री के आवास पर प्रदर्शन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बढ़चढ़ कर भागीदारी कर सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों का विरोध करेंगे। प्रदर्शन को सुनील कंवारी, राजेश दलाल, अशोक कुमार, जसबीर, श्रीकांत, कपिल भा-रद्वाज, संजय, युद्धवीर, ईश्वर मुवाल, ईश्वर सोढ़ी, सुरेन्द्र सिंह भ्याण, सुभाष व सुरेंद्र रावतखेड़ा ने भी संबोधित किया।

# राहुल गांधी डिप्रेशन का शिकार, करते हैं नकारात्मक बातें: विज

## -कांग्रेस ने रायपुर में वोट खराब करने की दी ट्रेनिंग

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखी टिप्पणी की है। विज ने कहा कि राहुल गांधी डिप्रेशन के शिकार हैं और हमेशा नकारात्मक बातें करते हैं। विज ने राहुल गांधी से पूछा कि आठ साल में भाजपा सरकार ने अगर एक भी अच्छा काम किया है तो उसके बारे में कुछ सकारात्मक बताएं। मंत्री विज ने कहा कि राहुल गांधी नकारात्मक तो हैं, मगर वह राहुल गांधी के मुंह से सुनना चाहते हैं कि भाजपा ने अच्छा (सकारात्मक) कार्य किया है। भाजपा ने पाकिस्तान में घुसकर सबक सिखाया, राममंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया, यह भाजपा ने अच्छा काम किया। या जो भी भाजपा का काम राहुल गांधी को अच्छा लगता



हो वह केवल एक काम बता दें। कुलदीप बिश्नोई को लेकर उठे सवालों पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है। बड़ी प्लानिंग से कोई विधायक वोट खराब करे, यह समझ नहीं आता। यह कांग्रेस के ही कुछ नेताओं को रायपुर ले गए थे। वहां जाकर यही ट्रेनिंग दी होगी कि अपनी-अपनी वोट खराब कैसे करनी है। उनके दिशा-निदेर्शों के अनुसार ही यह हुआ होगा। कांग्रेस ने इसे क्यों नहीं पकड़ा। कांग्रेस के ही भीतर बड़ा खेल हुआ है। कांग्रेस ही उससे उलझे, हम तो खुश हैं कि हम दोनों सीटें जीत गए।

# रेलवे को चाहिए जमीन के बदले जमीन तब मिलेगा रास्ता

## -सुंदर सांवरी और ज्ञान नगर के साथ रेलवे द्वारा दिवार निर्माण कार्य रोका गया
## -रेलवे चाहिए शुद्ध पेयजल निगमायुक्त का आश्वासन करेंगे समाधान

**सोनीपत, (हि.स.)।** रेलवे ने नगर निगम से दूसरे स्थान पर संबंधित जमीन की एवज में जमीन उपलब्ध करवाने की मांग की है, जिसके लिए निगम ने अपने तहसीलदार मुख्तयार सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने ज्ञान नगर व सुंदर सांवरी के रास्ते के विवाद को सुलझाने के लिए लगातार प्रयास किए हैं, जिसके सफल परिणाम भी मिले हैं। रेलवे ने लाइन के साथ दिवार बनाने की ओर कदम बढ़ाये तो ज्ञान नगर व सुंदर सांवरी के लोगों ने इसका विरोध किया। सोमवार को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में उनकी मध्यस्थता में निगम व रेलवे के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में निगमायुक्त धर्मेंद्र सिंह, रेलवे कि एक्सईएन संतोष मीणा व जेई सुरेश कुमार, पार्षद इंदु



वलेचा कालोनियों वासी उपस्थित थे। बैठक में रेलवे के अधिकारियों ने मांग की कि ज्ञान नगर व सुंदर सांवरी के मार्ग वाली भूमि की कीमत की ही जमीन उन्हें किसी अन्य स्थान पर मुहैया करवाई जाए तो वे प्रपोजल बनाकर भेज देंगे। रेलवे की मांग पर निगमायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने निगम के तहसीलदार मुख्तयार सिंह को निर्देश दिए कि वे तीन दिन के अंदर जमीन चिन्हित करें। रेलवे के अधिकारियों ने पेयजल की उपलब्धता बढ़ाने की मांग की। पहले भी ऐसी मांग रेलवे की ओर से की गई थी, रेलवे के पास पानी खारा था। निगमायुक्त कहा है कि दो-तीन दिन में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर पानी की मात्रा में वृद्धि पर विचार करेंगे कि किस प्रकार से पानी की आपूर्ति में बढ़ोतरी की जा सकती है।

# भट्टूकलां में अंत्योदय मेले में 120 लाभार्थियों के आवेदन स्वीकार

## -एडीसी अजय चोपड़ा ने किया मेले में लगी स्टॉलों का अवलोकन

**फतेहाबाद, (हि.स.)।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय भट्टू कलां में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तीसरे चरण के तहत अंत्योदय मेले का आयोजन किया गया। मेले में 120 लाभार्थियों के आवेदन विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत किए गए। अंत्योदय मेले में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं को प्रदर्शित करती हुई स्टॉलों का अवलोकन फतेहाबाद के अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने किया। उन्होंने विभागीय कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ते की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि योजना के प्रभावी रूप से क्रियान्वयन के लिए अंत्योदय मेलों का आयोजन कर लाभपात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से सीधे तौर पर लाभान्वित किया जा



रहा है। उन्होंने विभागीय स्तर पर प्रदत्त सेवाओं को तत्परता से सरल तरीके से योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। एडीसी अजय चोपड़ा ने कहा कि अंत्योदय की भावना से सरकार उल्लेखनीय कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्टार्ट अप योजना के माध्यम से लघु व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराए जाते हैं। इसी तर्ज पर हरियाणा में भी राज्य सरकार द्वारा गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य अंत्योदय है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लक्ष्य पंक्ति में खड़े अंतिम परिवार को आगे लाना है इसके लिए योजनाएं चिन्हित की गई हैं जो इन परिवारों की आमदनी बढ़ाने में मददगार होगी।

# नगर निकाय चुनाव में शराब की तस्करी करने पर होगी कार्यवाही

**-टोहाना व जाखल में आबकारी अधिनियम के तहत 17 मुकदमें दर्ज कर 165 अवैध शराब की बोतले की गई जब्त**

**फतेहाबाद, (हि.स.)।** रिटर्निंग अधिकारी एवं टोहाना के उपमंडलाधीश अनिल कुमार दून ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में शराब की तस्करी या अवैध रूप से उत्पादन नहीं होना चाहिए। नगर निकाय चुनाव होने के कारण अवैध शराब तस्करी की संभावना बनी रहती है, इसलिए कराधान एवं आबकारी विभाग पूरी तरह हर समय सजग रहकर चेकिंग करते रहे। उन्होंने कहा कि थाना सदर टोहाना में आबकारी अधिनियम के तहत सात मुकदमें दर्ज किए गए हैं, जिसमें अवैध शराब की बोतले जब्त की गई है। थाना शहर टोहाना में आबकारी अधिनियम के तहत आठ मुकदमें दर्ज किए गए हैं, जिसमें लगभग 142 अवैध शराब की बोतल बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार थाना जाखल में आबकारी अधिनियम के तहत 2 मुकदमें दर्ज किए गए हैं, जिसमें 23 अवैध शराब की बोतले जब्त की गई है। एसडीएम ने कराधान एवं आबकारी विभाग सहित पुलिस विभाग को भी और अधिक सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग और आबकारी विभाग की टीमें आपसी तालमेल व सहयोग से निरन्तर चेकिंग करती रहे। रिटर्निंग अधिकारी ने आमजन से आह्वान किया कि अगर किसी को शराब तस्करी या अवैध शराब के उत्पादन के बारे में पता चलता है तो वह पुलिस को सूचना दें।

# सिंधु दर्शन यात्रा बारे मंत्री डा. कमल गुप्ता को दिया निमंत्रण

**हिसार, (हि.स.)।** हिमालय परिवार संगठन की ओर से आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार के संरक्षण में राष्ट्रहित और धार्मिक सहिष्णुता बढ़ाने के लिए चलाई जाने वाली सिंधु दर्शन यात्रा के लिए प्रदेश के प्रतिष्ठित लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में हिमालय परिवार हरियाणा की टीम ने प्रदेश अध्यक्ष कुणालजीत और महामंत्री डॉ. मोनिका के नेतृत्व में प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से मुलाकात की। उनको सिंधु दर्शन यात्रा में भाग लेने के लिए विशिष्ट अतिथि निमंत्रण दिया। डा. कमल गुप्ता ने भी इस यात्रा में



आने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने यात्रा को लेकर हिसार शहर सहित समस्त हरियाणा प्रदेश में प्रचार प्रसार करने के बारे में टीम के साथ विचार विमर्श किया। टीम में जिला अध्यक्ष प्रदीप गुर्जर, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, महामंत्री दीपक, गजबीर व भिवानी जिला अध्यक्ष मीनाक्षी परमार भी शामिल रहे।

# सरकार हिन्दुओं को अपनी सुरक्षा के लिए कश्मीर में एके- 47 दें: जयहिन्द

**यमुनानगर, (हि.स.)।** आने वाली 26 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान करने नवीन जयहिन्द यमुनानगर पहुंचे। इस मौके पर जयहिन्द ने बताया कि अगर सरकार कश्मीरी हिन्दुओ की सच मे ही हितैषी हैं तो उनके पलायन को रोके ओर उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए ए के-47 दें ताकि वो अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके। कश्मीरी हिन्दुओं की आवाज उठाने के लिए 26 जून को दिल्ली में जंतर मंतर पर सरकार के खिलाफ हल्ला बोलने की बात कही और सभी युवाओं को 26 जून को फरसे लेकर दिल्ली जंतर-मंतर पहुंचने का आहवान किया। जयहिन्द ने सत्ता पक्ष के नेताओ को भी साथ ही आड़े हाथो ले लिया और कहा कि विरोधियो द्वारा बार-बार जयहिन्द द्वारा अभद्र भाषा और फरसा उठाने की बात कही जा



रही हैं लेकिन भगवान परशुराम का प्रतीक फरसा न्याय का प्रतीक हैं ओर सभी 37 बिरादरीयों के कमजोर लोगो की रक्षा के लिए जयहिन्द ने फरसा उठाया हैं। साथ ही जयहिन्द ने बताया कि ब्राह्मण मुर्दा नही मर्द कौम है। जयहिन्द ने बताया कि देश के सांसद विधायक या मंत्री घर बैठकर कश्मीर के हिन्दुओ के पलायन पर ट्वीट कर देते हैं। यह बहुत बड़ी शर्मनाक बात हैं। अगर वास्तव में सांसद, विधायक कश्मीरी हिन्दुओ का भला चाहते हैं तो कश्मीर के लाल चौक पर जाकर 1 घण्टा फेसबुक लाइव करे उन्हें 1 लाख रुपये इनाम दिया जाएगा। जयहिन्द ने बताया धारा 370 हटाना अच्छी बात है लेकिन वहां की धरातल स्थिति ठीक नही है।

# अधिक से अधिक पेड़ लगाने व आनंद बांटने के संकल्प के साथ हैप्पीनेस प्रोग्राम का समापन

## -प्रेम पाना एंव बांटना ही हमारा स्वभाव : नीरज गुप्ता

**हिसार, (हि.स.)।** आर्ट ऑफ लिविंग हिसार शाखा की ओर से आयोजित हैप्पीनेस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने और आनंद बांटने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया। हैप्पीनेस कार्यक्रम का संचालन स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता व ईश्वर सैनी ने किया। कार्यक्रम में नीरज गुप्ता ने बताया कि हम जिस पदार्थ से बने है, वह है प्रेम और प्रेम पाना एंव बांटना ही हमारा स्वभाव है। उन्होंने कहा कि श्वास हमारे शरीर और मन के बीच की कड़ी है, इसलिए यह मन और नकारात्मक भावनाओं को संभालने का साधन भी है और व्यवसाय, घर या खाली समय में अपनी सही क्षमता को अनुभव करने का माध्यम भी। उन्होंने बताया कि शिविर में सिखायी गई सुदर्शन क्रिया एक सहज लयबद्ध शक्तिशाली तकनीक है जो कि विशिष्ट प्राकृतिक श्वासों की लयों के प्रयोग से शरीर,



मन और भावनाओं को एक ताल में लाती है। यह तकनीक शरीर व मन को तनाव, थकान और नकारात्मक भावों से दूर कर शांति, एकाग्रता व गहरा विश्राम प्रदान करती है। ईश्वर सैनी ने बताया कि इस चार दिवसीय शिविर में जीवन की रोजाना चुनौतियों का सामना करने का व्यवहारिक ज्ञान, संवादात्मक (इंटरैक्टिव) अभ्यास, योगासन और विश्रामदायक शारीरिक व्यायाम, ध्यान और प्रभावशाली श्वास प्रक्रियाएं एंव सुदर्शन क्रिया करवाई गई। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव स-झा करते हुए बताया कि शिविर को करने के बाद काफी शांत एवं ऊज-र्वान महसूस कर रहे हैं। शिविर के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को पौधे बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। नीरज गुप्ता ने सब को बताया कि प्रकृति से हम बहुत कुछ लेते हैं पर बदले में प्रकृति हमसे कुछ भी चाह नहीं रखती, इसलिए ये हमारी ज़िम्मेदारी बनती है कि हम पर्यावरण का संरक्षण करें। उन्होंने सभी को संकल्प करवाया कि जीवन में अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनका संरक्षण करेंगे। डिस्ट्रिक्ट ऑनरेरी सेक-्टरी समीर सरदाना ने बताया कि अगला शिविर 30 जून से तीन जुलाई को आयोजित किया जाएगा।

# धारसूल गांव को सामाजिक बुराई से मुक्त करवाने का संकल्प

**फतेहाबाद, (हि.स.)।** नशा एक ऐसी घातक बुराई है, जो परिवारों के साथ-साथ समाज को भी खोखला कर देती है। युवा निराशा के कारण नशे का सहारा ले रहे हैं जो ठीक नहीं है। होना यह चाहिए कि युवा नशे से दूर रहकर जीवन में आगे बढने के लिए प्रयास करें और देश के विकास में अपना योगदान दें। युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से फतेहाबाद पुलिस द्वारा अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर 26 जून तक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान तभी कामयाब होगा जब युवा जागरूक होकर नशे से तौबा कर लेंगे। यह बात थाना सदर टोहाना के एसएचओ इंस्पेक्टर जयभगवान ने गांव धारसूल कलां में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में जिला पुलिस द्वारा नशामुक्ति को लेकर गठित टीम ने भी लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया। सेमिनार में मौजूद लोगों ने भी जिला पुलिस की इस मुहिम को सराहा और इस अभियान में भागीदारी के साथ-साथ अपने गांव को नशा जैसी सामाजिक बुराई से मुक्त करवाने का संकल्प लिया। इंस्पेक्टर भगवान ने कहा कि आज के समय में अधिकतर युवा वर्ग नशे की ओर झुक रहा है। युवा जो हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य होते हैं, वे आज नशे की बुरी लत में पड़कर अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नशे के कारण वे आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हो रहे हैं जोकि जोकि चिंता का विषय है। यदि आज हमने युवाओं को इस दलदल से बाहर नहीं निकाला तो आने वाले समय में इसके ओर भी ज्यादा खतरनाक परिणाम हो सकते हैं।

# इंटक से संबंधित रोडवेज वर्कर्स यूनियन के त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न

## चार पदाधिकारी चुने गए, अन्य पदाधिकारी चुनने का मिला अधिकार

**हिसार, (हि.स.)।** इंटक से संबंधित हरियाणा राज्य परिवहन वर्कर्स यूनियन का त्रिवार्षिक चुनाव यहां हुआ जिसमें प्रदेश पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने हिस्सा लिया। चुनाव बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत रोडवेज नेता यशवीर जून ने की। बैठक में सभी ने यूनियन का चुनाव करवाने का प्रस्ताव रखा जिसे यूनियन के संविधान अनुसार ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। बैठक में यूनियन के विधान अनुसार प्रधान, उप प्रधान, महासचिव व कैशियर के चुनाव करवाकर यूनियन के अन्य पदों पर नियुक्ति का अधिकार चुने गए पदाधिकारियों को दिया गया। चुने गए पदाधिकारियों को राज्य के अन्य डिपुओं में भी जल्द से जल्द चुनाव करवाने का अधिकार भी दिया गया। इसके साथ ही सरकार एवं



अन्य सरकारी कार्यों के लिए किसी प्रकार की लिखित कार्रवाई का अधिकार भी राज्य प्रधान व राज्य महासचिव को दिया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से हुए चुनाव में अनूप सिंह सहरावत को राज्य प्रधान, रघुबिन्दर सिंह को महासचिव, सूरजमल पाबड़ा को राज्य उप प्रधान व मनीष सैनी को राज्य कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव के पश्चात यूनियन ने सरकार से मांग की कि राज्य की जनसंख्या के अनुसार परिवहन बेड़े में 10 हजार नई बसें शामिल की जाए, कौशल रोजगार निगम को निरस्त करके विभाग में खाली पड़े पदों पर स्थाई भर्ती की जाए, परिचालक का ग्रेड पे बढ़ाया जाए, लिपिकीय स्टाफ की पदोन्नति की जाए, वर्ष 2016 में भर्ती हुए चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का किया जाए, कार्यशाला स्टाफ की काटी गई छुट्टियां बहाल की जाए, चालकों, परिचालकों व समस्त रनिंग स्टाफ को 10 हजार रुपये मासिक जोखिम भत्ता दिया जाए, चार साल के बकाया बोनस का भुगतान जल्द किया जाए, वर्दी व जूतों की बकाया राशि का भुगतान जल्द किया जाए, कर्मचारियों के लंबित केसों का निपटारा जल्द किया जाए तथा डिपो स्तर पर कर्मचारियों के लिए आवासीय कॉलोनियों का निर्माण किया जाए।

# डायल 112 के साथ एकीकृत हुआ साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930

**पंचकूला/चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा प्रदेश में वर्ष 2021 और 2022 के बीच राज्य सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक हरियाणा 112 के माध्यम से प्रदेश में आपातकालीन सेवा वितरण प्रणाली के स्तर को और अधिक ऊपर उठाने की दिशा में एक अभिनव पहल देखी गई है। 12 जुलाई 2021 को नागरिकों को समर्पित की गई इस महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से लगभग 10 माह की छोटी सी अवधि में 46 लाख नागरिकों की मदद कर एक नया मील का पत्थर हासिल किया है। एएस चावला हरियाणा 112 के स्टेट नोडल अधिकारी ने बताया कि साइबर हेल्पलाइन नंबर 1093 को आज हरियाणा 112 से जोड़ा गया है जो हरियाणा 112 ईआरएसएस परियोजना के लिए एक नया मील का पत्थर है। राज्य भर से 1093 से संबंधित कॉलों की लैंडिंग 112 पर शुरू हो गई है। हरियाणा 112 प्रणाली में 1093 सेवा से संबंधित मानक संचालन प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक शामिल किया गया है, ताकि पीड़ितों को तत्काल और जवाबदेह आपातकालीन सेवाएं प्रदान की जा सकें। प्रदेशवासियों के बीच हरियाणा 112 की स्वीकृति की गति में भी तेजी से वृद्धि हुई है। जहां अगस्त 2021 में कॉलों की संख्या 3,87,799 थी वहीं यह आंकड़ा मई 2022 में बढ़कर 5,03,369 पहुंच गया है। प्रदेशवासियों से प्राप्त फीडबैक रिपोर्ट से पता चलता है कि संतुष्टि का स्तर अगस्त 2021 में 91.23 प्रतिशत से बढ़कर मई 2022 में 94.88 प्रतिशत हो गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में हरियाणा 112 परियोजना ने प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। हरियाणा 112 का आदर्श समाज के सभी वर्गों की आपातकालीन जरूरतों को पूरा करना है। इस संबंध में, राज्य आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र में मूक-बधिर लोगों के लिए वीडियो कॉल और मैसेजिंग ऐप सुविधा से लैस एक विशेष सेल की स्थापना की गई है। ऐसी कॉलों से निपटने के लिए एसईआरसी में चौबीसों घंटे सांकेतिक भाषा विशेषज्ञों को तैनात किया गया है। अब दिव्यांगजन भी 112 पर एसएमएस भेजकर या पैनिक बटन दबाकर या 112 डायल करके 5 सेकंड के बाद 8 बटन दबाकर हरियाणा 112 सिस्टम से संपर्क साध रहे हैं। वर्तमान में, यह परियोजना गुरुग्राम और फरीदाबाद जिलों में 101 और 108 की अतिरिक्त सेवाओं के साथ समस्त राजय में 100, 112, 1073, 1091 और 1093 की एकीकृत आपातकालीन सेवाएं प्रदान करती है।

# आगजनी हादसे के पीड़ितों को हरसंभव मदद देगी राज्य सरकार : डॉ. कमल गुप्ता

**हिसार, (हि.स.)।** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा है कि राज्य सरकार सेक्टर 16-17 हादसे के पीड़ितों के साथ है और स-रकार की तरफ से उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने मृतक बच्चे के परिजनों को एक लाख रुपये व प्रत्येक परिवार को पांच-पांच हजार रुपये की शुरूआती मदद की घोषणा की। डा. कमल गुप्ता सोमवार को शहर के सेक्टर 16-17 में हुई आगजनी की घटना का जायजा लेने घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों से घटना बारे बातचीत की। इसके पश्चात डॉ. कमल गुप्ता ने सेक्टर 13 के सामुदायिक केंद्र में हादसे में मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार व जिला प्रशासन आपके साथ है। डॉ. कमल गुप्ता ने मृतक के परिजनों को श-ुरूआती मदद के रूप में एक लाख



रुपये तथा अन्य परिवारों के लिए पांच-पांच हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत पीड़ितों को अलग से लाभ दिया जाएगा। इस बारे में सभी संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। स्थाई आवास उपलब्ध करवाने की संभावनाओं को लेकर भी उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए और कहा कि सभी पीड़ित परिवारों के आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र जल्द से जल्द बनाए जाएं। डॉ. कमल गुप्ता ने पीड़ित परिवारों के रहने-खाने आदि व्यवस्थाओं को लेकर भी अधिकारियों को जरूरी हिदायत दी। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. प्रियंका सोनी ने इस मामले को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कैबिनेट मंत्री द्वारा दी गई हिदायतों पर त्वरित रूप से कार्यवाही आरंभ करें। सभी परिवारों के आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र बनाने के लिए घटनास्थल के सामने ही व्यवस्था की जाए।

## रूस की फौज यूक्रेन के शहर सेवेरोदोनेत्स्क के करीब



**मॉस्को, (हि.स.)।** रूस की सेना अब पूर्वी यूक्रेन में बसे शहर सेवेरोदोनेत्स्क के बेहद करीब पहुंच चुकी है। अब कुछ दिनों में इस शहर को पूरी तरह से घेर लिया जाएगा। लुहान्स्क के गर्वनर के हवाले से सोमवार को द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह सूचना दी। इस बीच यूक्रेन भी इस शहर पर अपना अधिकार बनाए रखने के लिए जद्दोजहद कर रहा है। यूक्रेन के लिए यह शहर रणनीतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है। यूक्रेन के 70 फीसदी हिस्से को रूस पहले ही अपने नियंत्रण में ले चुका है। सेवेरोदोनेत्स्क को पूरी तरह से नियंत्रण में लेना रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए बड़ी जीत साबित होगी, क्योंकि इसी के साथ यूक्रेन के औद्योगिक शहर डोनबास पर रूस पूरी तरह से अपने पांव जमा लेगा, जिसमें लुहान्स्क भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि रूस के सैनिक डोनबास के 97 फीसदी इलाके पर कब्जा कर चुके हैं। सेवेरोदोनेत्स्क के पास स्थित शहर लिसिकांस्क से लोगों ने पलायन भी शुरू कर दिया है। यहां यूक्रेन की सेना को बड़े नुकसान का सामना करना पड़ है। हर दिन करीब 100 सैनिकों की मृत्यु हो रही है। कहा जा रहा है कि यूक्रेनी सैनिकों के पास गोला-बारूद भी खत्म हो रहा है। रूस को सैन्य जवाब देने के लिए यूक्रेन लंबी दूरी तक वार करने वाले हथियारों की आपूर्ति करने के लिए अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों पर दबाव बना रहा है। इस बीच मॉस्को ने पश्चिमी यूक्रेन में एक सैन्य गोदाम में अमेरिकी और यूरोपीय एंटीटैंक और एंटीमिसाइल सिस्टम को नष्ट करने का दावा किया है।

# रूस ने क्रूज मिसाइल से हमला कर बर्बाद किया यूक्रेन का विदेशी हथियारों का भंडार

### - यूक्रेन के यूरोपीय संघ में शामिल होने की चर्चा



**कीव, (हि.स.)।** रूस ने रविवार को यूक्रेन को मिले विदेशी हथियारों की खेप को क्रूज मिसाइल से हमला कर नष्ट कर दिया। यूक्रेन को ये विदेशी हथियार रूसी सेना के साथ चल रहे युद्ध में लड़ने के लिए दिए गए थे। ये हथियार यूक्रेन को अमेरिका और यूरोपीय देशों से मिले थे, लेकिन रूसी सेना ने रविवार को यूक्रेन के पश्चिमी टर्नोपिल इलाके में क्रूज मिसाइल से हमला कर इन हथियारों का भंडार नष्ट कर दिया। टर्नोपिल क्षेत्र के गवर्नर ने बताया है कि चोर्टकीव शहर में स्थित सैन्य ठिकाने पर काला सागर से दागी गईं क्रूज मिसाइलों ने हमला किया। इस हमले में 22 लोग घायल हुए हैं। वहीं सैन्य ठिकाने से जुड़े अधिकारी ने वहां पर विदेशी हथियारों का भंडार होने से इनकार किया है। उधर, रूस ने अमेरिका और यूरोपीय देशों से हथियार देकर युद्ध नहीं भड़काने के लिए कहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि उनकी सेना विदेशी हथियारों की आपूर्ति को निशाना बनाएगी। इस बीच लुहांस्क के गवर्नर सेरही गैदाई के अनुसार औद्योगिक शहर सी-विरोडोनेस्क में सड़कों पर लड़ाई चल रही है। हजारों लोग कारखानों में शरण लिए हुए हैं। शनिवार को जिस अजोट रासायनिक संयंत्र में रूसी हमले से आग लगी थी, वहां पर 400 लोगों ने शरण ले रखी है। शरण लेने वालों में ज्यादातर संयंत्र के कर्मचारी और उनके परिवार के लोग हैं। रूस के भीषण हमलों के मद्देनजर अब हर कोई शहर से निकलकर सुरक्षित स्थानों पर जाना चाहता है लेकिन गोलाबारी, बमबारी के बीच निकलना संभव नहीं है। पड़ोसी शहर लिसिचांस्क की भी कमोबेश यही स्थिति है।

**यूरोपीय संघ में शामिल हो सकता है यूक्रेन, सदस्यों ने जताई सहमति –** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूरोपीय आयोग की प्रेसिडेंट उर्सला वॉन डेर लिएन दूसरी बार कीव पहुंची हैं। इस दौरान उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ मुलाकात कर युद्ध के ताजा हालात की जानकारी ली। दोनों नेताओं ने यूक्रेन और यूरोपीय संघ के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यूक्रेन के यूरोपीय संघ में शामिल होने का मुद्दा भी उठाया। इसका जवाब देते हुए उर्सला वॉन डेर लिएन ने कहा कि चालू सप्ताह में यूक्रेन को सदस्यता मिल सकती है। यूक्रेन को सदस्यता देने के लिए सभी 27 सदस्य देश सहमत हैं, इसलिए कुछ औपचारिकताओं के बाद आगामी सप्ताह में महत्वपूर्ण घोषणा हो सकती है।

## शिकागो में गोलीबारी में पांच लोगों की मौत, 16 घायल




**शिकागो, (हि.स.)।** अमेरिका में बंदूक हिंसा पर सख्त उपायों पर चर्चा के बीच शिकागो में गोलीबारी की घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। शिकागो पश्चिम मध्य अमरीका की व्यवसायिक और सांस्कृतिक राजधानी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दक्षिण अल्बानी के 0-100 ब्लाक में शनिवार दोपहर लगभग 12:19 बजे वाहन सवार 37 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। महिला को सिर और शरीर पर कई गोलियां लगीं। पुलिस के मुताबिक शनिवार तड़के लगभग 2:27 बजे साउथ इंडियाना के 2800 ब्लाक में एक 34 वर्षीय व्यक्ति को गोली मार दी गई। वह वाहन के अंदर पड़ा मिला। उसे कई गोलियां लगीं थीं। उसे गंभीर हालत में शिकागो मेडिकल सेंटर विश्वविद्यालय ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हालिया घातक गोलीबारी में साउथ डेमन के 8600 ब्लाक में शनिवार दोपहर करीब 3:20 बजे एक 23 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि सप्ताहांत की पहली घातक शूटिंग में दक्षिण जस्टिन के 6800 ब्लाक में शुक्रवार शाम लगभग 5:02 बजे एक 25 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दूसरी घातक शूटिंग में वेस्ट 18 स्ट्रीट के 400 ब्लाक में शुक्रवार रात लगभग 11:05 बजे एक 26 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

## फ्रांस में संसदीय चुनाव के लिए कम मतदान से मैक्रॉन की बढ़ी चुनौती



**पेरिस, (हि.स.)।** फ्रांस में रविवार को संसदीय चुनाव के लिए मतदान हो रहा है और दोपहर तक 4 करोड़ 87 लाख मतदाताओं में से केवल 18 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस चुनाव को बहुमत की आस लगाए बैठे राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रॉन के लिए परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। मैक्रॉन के गठबंधन को वामपंथी गठबंधन से कड़ी चुनौती मिल रही है। फ्रांस की नेशनल असेंबली की 577 सीटों के लिए हो रहे पहले चरण के चुनाव में 6 हजार से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चरण में सबसे अधिक मत हासिल करने वाले उम्मीदवार 19 जून को होने वाले दूसरे दौर में पहुंच जाएंगे, जिसमें हार-जीत का फैसला होगा। मई में मैक्रॉन के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद उनका मध्यमार्गी गठबंधन इस चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल करना चाहता है, ताकि वह अपने चुनावी वादों को पूरा कर सके। इन चुनावी वादों में करो में कटौती और सेवानिवृत्ति की आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष करना शामिल है। हालांकि, चुनाव पूर्व सर्वेक्षण बताते हैं कि मैक्रॉन और उनके सहयोगियों को बहुमत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। ताजा सर्वे के अनुसार, इस चुनाव में धुर वामपंथी नेता ज्यां-लुस मेलेंकोन के नेतृत्व वाले गठबंधन के 200 से अधिक सीटें जीतने का अनुमान है। हालांकि उसके भी बहुमत के आंकड़े से थोड़ा पीछे रहने की संभावना है। वहीं, मैक्रॉन और उनके सहयोगियों को 260 से 320 सीटों पर जीत मिल सकती है।

## पाक अधिकृत गिलगित-बल्तिस्तान का बजट हुआ आधे से कम, जनता में गुस्सा



**गिलगित, (हि.स.)।** पाकिस्तान अधिकृत गिलगित-बल्तिस्तान का बजट आधे से भी कम कर दिया गया है। पाकिस्तान सरकार के इस कदम पर गिलगित-बल्तिस्तान के मुख्यमंत्री ने विरोध दर्ज कराया है और जनता में भी इस मसले पर खासा गुस्सा है। वृहद जम्मू- कश्मीर का हिस्सा माने जाने वाले गिलगित-बल्तिस्तान पर पाकिस्तान का कब्जा है। पाकिस्तान इस क्षेत्र को स्वायत्तता देने की बातें तो करता रहता है किन्तु कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं करता है। गिलगित-बल्तिस्तान के मुख्यमंत्री खालिद खुर्शीद खान ने पाकिस्तान पर क्षेत्र के साथ सौतेले व्यवहार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हाल ही में पेश हुए बजट में गिलगित-बल्तिस्तान की सर्वाधिक अनदेखी हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए गिलगित-बल्तिस्तान प्रांत के लिए 50 अरब रुपये का बजट प्रस्तावित था। इसके विपरीत पाकिस्तान सरकार के बजट में गिलगित-बल्तिस्तान प्रांत के लिए महज 23 अरब रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। खालिद खुर्शीद खान ने कहा कि पाकिस्तान सरकार जानबूझ कर इस प्रांत की उपेक्षा कर रही है। पूरे देश को बिजली मिल रही है किन्तु गिलगित-बल्तिस्तान प्रांत में बिजली का संकट बना हुआ है। यह स्थिति तब है जबकि पूरे मुल्क के लिए जरूरी पानी का 70 प्रतिशत पानी गिलगिट-बल्तिस्तान से ही उपलब्ध होता है। गिलगिट-बल्तिस्तान को पाकिस्तान सरकार द्वारा टैक्स फ्री जोन घोषित किया जा चुका है, इसके बावजूद पाकिस्तान की मौजूदा सरकार ने जानबूझकर राज्य के बजट में कमी कर विकास रोकने का षडयंत्र किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र को पिछड़ा बनाने के एजेंडे पर अमल के लिए ऐसा किया जा रहा है। इसे लेकर जनता में भी गुस्सा व्याप्त है। लोगों ने पाकिस्तान सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

## यूक्रेन में रूस से युद्ध कब तक चलेगा, कोई नहीं जानता : जेलेंस्की



**कीव, (हि.स.)।** यूक्रेन पर रूस के हमले के 100 से अधिक दिन बीतने के बाद भी युद्ध जारी है। ऐसे में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि कोई नहीं जानता कि उनके देश में युद्ध कितने समय तक चलेगा। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी सेना रूसी सैनिकों का पूर्वी यूक्रेन में मुकाबला कर उनकी उम्मीदों पर पानी फेर रही है। जेलेंस्की ने एक वीडियो संदेश में कहा कि उन्हें डोनबास क्षेत्र में रूसी सैनिकों को रोकने के लिए लड़ रहे यूक्रेन के अपने रक्षकों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध का 108वां दिन है और युद्ध की शुरूआत में, यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा करने में विफल रहने के बाद रूस ने बड़े पैमाने पर रूसी भाषी डोनबास के हिस्सों के अलावा देश के दक्षिणी तट पर कब्जा करने पर ध्यान केंद्रित किया। जेलेंस्की ने कहा कि जब युद्ध का अंत दिखाई नहीं दे रहा है तो यूक्रेन को अपनी रक्षा करने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन की तुलना में रूस के तीन गुना अधिक सैनिक हताहत हुए हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध किस लिए है और रूस को इससे क्या मिला है।

## रूस में सामने आया ओमिक्रॉन का नया वेरिएंट, वैज्ञानिकों ने जारी किया अलर्ट

**मास्को (ईएमएस)।** रूस में कोविड के ओमिक्रॉन वेरिएंट का एक अधिक संक्रामक स्ट्रेन मिला है। रूस के नेशनल कंज्यूमर हेल्थ वॉचडॉग ने यह जानकारी दी है। रोस्पोट्रेबनादजोर में सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर एपिडेमियोलॉजी में जीनोम रिसर्च के प्रमुख कामिल खफीजोव ने बताया कि 2 राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं ने बीए.4 सबलाइन के वायरल जीनोम को वीजीएरस डेटाबेस में फीड किया है। जांच के लिए ये दोनों नमूने मई के अंत में लिए गए थे। रूसी साइंटिस्ट ने बताया कि रूस में सामने आ रहे कोरोना वायरस संक्रमण के 95 प्रतिशत नए मामलों के लिए बीए.2 सबवेरिएंट जिम्मेदार है। कामिल खफीजोव ने कहा हाल ही में प्रकाशित कई अध्ययनों से पता चला है कि वेरिएंट, जिन्हें बीए.4 और बीए.5 के रूप में जाना जाता है, ओमिक्रॉन के शुरूआती रूपों की तुलना में थोड़ा अधिक संक्रामक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने मई में चेतावनी दी थी कि बीए.4 और बीए.5 के ओमिक्रॉन सबलाइनेज गैर-टीकाकरण वाले देशों में इस बीमारी को बढ़ा रहे हैं, हालांकि ओमिक्रॉन का बीए.2 सबवेरिएंट दुनिया भर में अब भी कोरोना संक्रमण की प्रमुख वजह बना हुआ है। भारत में भी ओमिक्रॉन के बीए.4 और बीए.5 सब-वेरिएंट से संक्रमण की पुष्टि कुछ दिन पहले हुई थी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए काम कर रहे इंडियन सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) ने भारत में ओमिक्रॉन सबवेरिएंट बीए.4 और बीए.5 के संक्रमण की पुष्टि की थी। जीनोम सीक्वेंसिंग के दौरान तमिलनाडु की एक 19 वर्षीय युवती में भारत के पहले बीए.4 सब-वेरिएंट का पता चला था, वहीं तेलंगाना के एक 80 वर्षीय पुरुष में पहले बीए.5 का मामला सामने आया था। इन 2 सब-वेरिएंट्स से संक्रमण के मामले सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका और कुछ यूरोपीय देशों में रिपोर्ट किए गए।

प्रारंभिक अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों का टीकाकरण नहीं हुआ है या जिन तक उचित स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच नहीं है, उनमें इन वेरिएंट्स की संक्रामकता अधिक हो सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक कोरोना के नए सब-वेरिएंट मूल ओमिक्रॉन स्ट्रेन बीए.2 की तुलना में अधिक गंभीर संक्रमण का कारण नहीं बनते हैं, हालांकि म्यूटेशन के साथ इनकी संक्रामक दर जरूर अधिक बनी हुई है।

## आज का इतिहास 14 जून

1905 शास्त्रीय संगीत की साधिका हीरा बाई बरोड़कर का जन्म हुआ.

1940 द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मन सैनिकों ने पेरिस पर अधिकार किया था.

1941 अमरीका ने अपने यहाँ इटली और जर्मनी की संपत्तियों को जब्त कर लिया.

1948 बर्मा स्वतंत्रत हुआ.

1949 वियतनाम की स्थापना हुई.

1962 यूरोपीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र की स्थापना पेरिस में हुई.

1964 पश्चिम पाकिस्तान में बाढ़ और तूफान से 250 लोगों की मौत हुई.

1975 सोवियत संघ ने शुक्र ग्रह के रहस्यों की खोज के लिए अंतरिक्षयान का प्रक्षेपण किया.

1989 चीन ने कई पत्रकारों को अपने यहाँ से निष्कासित करके अमरीका को हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी.

1993 कंबोडिया में राजकुमार सिंहनुक की प्रशासनाध्यक्ष के रूप में बहाल हुए.

1994 इराक ने किसानों को खाद्यान्न सरकार को नहीं बेचने पर सजा देने की चेतावनी दी.

1998 बिहार के पूर्णिया में विधायक व माकपा के नेता अजीत सरकार की हत्या.

1999 भारतीय विदेशमंत्री जसवंत सिंह चीन यात्रा पर.

2000 गुजरात के गृहमंत्री हरेन पंड्या ने त्यागपत्र दिया.

2002 अंटार्टिक में 108 वैज्ञानिक व चालक दल बर्फ में फंसे.

## बंदूकों पर नियंत्रण के लिए अमेरिकी सांसदों ने द्विदलीय प्रारूप की घोषणा की



**वाशिंगटन, (हि.स.)।** अमेरिका में बंदूक संस्कृति और हाल में हुई गोलीबारी की ताजा घटनाओं में कई लोगों के मारे जाने के बाद बंदूकों पर नियंत्रण लगाने और स्कूल सुरक्षा तथा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सुधार के प्रयासों को बढ़ावा देने के तहत सीनेट के सांसदों ने रविवार को द्विदलीय प्रारूप की घोषणा की। हालांकि इसमें जो प्रस्ताव किया गया है वह उन कठोर उपायों से कम है, जिसकी मांग राष्ट्रपति जो बाइडन और डेमोक्रेटिक पार्टी के कई नेता लंबे समय से करते रहे हैं। फिर भी यदि यह सहमति कानून का रूप लेती है तो यह गोलीबारी की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए एक निर्णायक मोड़ होगा। नेताओं को उम्मीद है कि इस समझौते को कानून का रूप देने के लिए जल्द आगे बढ़ाया जाएगा। उन्हें उम्मीद है कि इसी महीने इस दिशा में पहल की जाएगी। इस समझौते के तहत पृष्ठभूमि की जांच के दौरान 21 साल से कम उम्र के बंदूक खरीदारों के रिकॉर्ड को उपलब्ध कराया जाएगा। बंदूक की बिक्री को लेकर नियम सख्त किए जाएंगे। हिंसक प्रवृति वाले लोगों से बंदूक ले लिए जाएंगे और स्कूल की सुरक्षा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को भी मजबूत करने की योजना है। समझौते के अनुसार, बंदूक की बिक्री करने वालों को लाइसेंस लेना होगा। इसका मतलब है कि उन्हें खरीदारों की पृष्ठभूमि की जांच करनी होगी। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बयान में कहा कि प्रारूप वह सब कुछ नहीं करता है जो मुझे लगता है कि आवश्यक है, लेकिन यह सही दिशा में महत्वपूर्ण कदमों को दशार्ता है और दशकों में कांग्रेस में पारित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बंदूक सुरक्षा कानून होगा।

## स्पाइनोसॉरस प्रजाति का शिकारी डायनासोर का जीवाश्म मिला

**–यह अवशेष हो सकता है दो पैरों वाले विशाल मांसाहारी शिकारी जीव का**

**लंदन (ईएमएस)।** जीवाश्म विज्ञानियों को इंग्लैंड के आइल ऑफ व्हाइट के दक्षिणी तट के पास एक जीवाश्म मिला है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह जीवाश्म यूरोप के सबसे विशाल शिकारी जीव के होने का प्रमाण हो सकता है। बहुत ही कम मात्रा में जीवाश्म के अध्ययन से वैज्ञानिक ज्यादा जानाकारी हासिल नहीं कर सके, लेकिन फिर आकार से उनका अनुमान है कि यह स्पाइनोसॉरस प्रजाति का शिकारी डायनासोर होगा। वैज्ञानकों को लगता है कि यह अवशेष विशाल दो पैरों वाले मांसाहारी शिकारी जीव का हो सकता है जो महाद्वीप में अब तक का पाया गया विशालतम थेरोपॉड डायनासोर है। उनका कहना है कि इसकी टक्कर का एक ही जीव मेगालोसॉरिड हो सकता है जिसके जीवाश्म फ्रांस में पाए गए थे वह भी जुरासिक युग का ही जीव था। थेरोपॉड्स डायनासोर के एक बड़ी वंशशाखा के जीव थे जिसमें टायरैनोसॉरस, मेगालोसॉरस, वेलोसिरेप्टर्स और स्पाइनोसॉरस जैसे डायनासोर शामिल हैं। शुरूआती जुरासिक काल में ये पुराने जीव विशाल, धरती पर विचरने वाले मांसाहारी जीव थे। माना जाता है कि इनमें से स्पाइनोसॉरस सबसे लंबे और बड़े जीव हुआ करते थे। उत्तरी अफ्रीका पुरातन नदी तल में बहुत सारे स्पाइनोसॉरस के जीवाश्म मिलते हैं इनकी लंबाई 15 मीटर से ज्यादा होती थी और उनके शरीर का भार 13 मेट्रिक टन से ज्यादा हुआ करता था। आइल ऑफ व्हाइट में मिले जीवाश्म बहुत विशाल नहीं हैं। लेकिन शोधक्रताओं का कहना है कि वह दक्षिणी इंग्लैंड या दक्षिण पश्चिम यूरोप में मिले अब तक किसी भी स्पाइसॉरस के जीवाश्म से बड़ा लगता है।

## पैगंबर पर टिप्पणी के विरोध में कुवैत में प्रवासियों ने किया प्रदर्शन, सरकार ने दिया तुरंत देश छोड़ने का आदेश

**इसके साथ ही ईरान, इराक, कुवैत, कतर, सऊदी अरब, ओमान, यूएई, जॉर्डन, अफगानिस्तान, बहरीन, मालदीव, लीबिया, इंडोनेशिया, तुर्की, मलेशिया और पाकिस्तान ने भी बयान का विरोध किया है।**

**कुवैत सिटी (ईएमएस)।** पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी के खिलाफ कुवैत के फहील इलाके में भारी विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कुवैत सरकार ने सख्त एक्शन लेते हुए पैगंबर के समर्थन में नारेबाजी करने वाले प्रवासी प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी का आदेश दिया है। उन्हें उनके देश वापस भेजने का भी फैसला किया गया है। इसके साथ ही उनका दोबारा कुवैत आना बैन कर दिया जाएगा। फहील में प्रवासियों (कुवैत में रहने वाले विदेशियों) ने जुमे की नमाज के बाद नूपुर शर्मा के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इससे कुवैत सरकार बेहद नाराज है। इसे सीधेतौर पर कुवैती कानून का उलंघन माना जा रहा है। दरअसल, भारत में भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता नूपुर शर्मा ने हाल ही में एक टीवी चैनल में हुई डिबेट के दौरान पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी की थी। इस मामले ने जोर पकड़ा और इस्लामिक देशों ने भारत की निंदा की। नूपुर के खिलाफ कई देशों में एक हफ्ते से प्रदर्शन हो रहा है। इस मुद्दे पर पहले 57 मुस्लिम देशों के संगठन इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने विरोध जताया और इसके बाद कुछ अरब देशों ने भारतीय उत्पादों का बहिष्कार शुरू कर दिया। इसके साथ ही ईरान, इराक, कुवैत, कतर, सऊदी अरब, ओमान, यूएई, जॉर्डन, अफगानिस्तान, बहरीन, मालदीव, लीबिया, इंडोनेशिया, तुर्की, मलेशिया और पाकिस्तान ने भी बयान का विरोध किया है। भारत और कुवैत के बीच ऐतिहासिक रूप से रिश्ते काफी मजबूत रहे हैं। भारत अपनी जरूरत के ऑयल का एक बहुत बड़ा हिस्सा यहां से इम्पोर्ट करता है। वहीं, कुवैत में काम करने वाले कुल भारतीयों की संख्या करीब 4.5 लाख है। कुवैत की कुल आबादी में 75 फीसदी प्रवासी हैं, जिसमें सबसे ज्यादा भारतीय हैं। इससे भारत को 5.5 फीसदी विदेशी मुद्रा मिलती है। इससे पहले भारतीय विदेश मंत्रालय ने ओआईसी के बयान को खारिज कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने कहा भारत ओआईसी सचिवालय की गैरजरूरी और छोटी सोच वाली टिप्पणियों को साफ तौर पर खारिज करता है। भारत सरकार सभी धर्मों को सम्मान देती है।

## इमरान खान ने पीएम शहबाज शरीफ को दी चुनौती-अगला चुनाव जीत कर दिखाइए

**इस्लामाबाद (ईएमएस)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पीएम शहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार को चुनौती दी कि वह अगला चुनाव जीतकर दिखाएं। मौजूदा गठबंधन सरकार के लिए अगला चुनाव जीतना असंभव है। उन्होंने कहा कि जीतना तो दूर, मौजूदा सरकार के लिए चुनाव अभियान चलाना भी बहुत मुश्किल होगा, क्योंकि पीटीआई अगले चुनावों के लिए पूरे जोर-शोर से काम कर रही है। इमरान ने 25 मई को आयोजित अपने दुर्भाग्यपूर्ण आजादी मार्च पर भी बात की, जिसे शहबाज शरीफ सरकार द्वारा एक मजबूत प्रतिबंध के बाद वापस ले लिया गया था। इमरान खान ने कहा कि सरकार ने पिछले माह इस्लामाबाद में पार्टी के आजादी मार्च के बाद पीटीआइ के सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की, ताकि वह किसी को भी सलाखों के पीछे फेंक सके।

DELHI CRIME 14 june 2022:Layout 1 6/13/2022 7:04 PM Page 5



# बैटरी पर जीएसटी में हो सकती है कटौती


## -वाहनों पर लगने वाले टैक्स के बराबर किया जा सकता है




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** लिथियम-आयन बैटरी पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)में भारत में कटौती की जा सकती है। जीएसटी को इलेक्ट्रिक वाहनों पर लगने वाले टैक्स के बराबर किया जा सकता है। योजना को आगे बढ़ाने के तरीकों पर केंद्र सरकार के विभिन्न हितधारकों के बीच चर्चा शुरू हो गई है, जो देश को इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए जरूरी है। अगर ऐसा हुआ था इलेक्ट्रिक व्हीकल की कीमतों कमी आ सकती है और इससे भारत सरकार के ग्रीन मॉबिलिटी की स्कीम को बढ़ावा मिल सकेगा। वर्तमान में ईवी पर 5 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता है, जबकि लिथियम-आयन बैटरी पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता है। पहले लीथियम-आयन बैटरी पर टैक्स रेशनलाइजेशन पर विचार किया गया है, लेकिन बैटरी स्वैपिंग पॉलिसी को आगे बढ़ाने के साथ, बातचीत ने फिर से गति पकड़ ली है।नई और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारी उद्योग और अन्य सरकारी विभागों के नीति आयोग ने मंगलवार को बैटरी-स्वैपिंग नीति पर अपनी पहली बैठक की। इसके बाद 5 जून तक पॉलिसी के मसौदे पर सुझावों और सिफारिशों की प्राप्ति हुई। मामले से जुड़े लोगों ने कहा कि टैक्स को युक्तिसंगत बनाने के साथ-साथ इंटरऑपरेबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए बैटरियों का मानकीकरण भी बैठक के एजेंडे में था। हालांकि, नीति आयोग, जीएसटी के मुद्दे पर ज्यादा विचार नहीं करेगा, क्योंकि यह वित्त मंत्रालय के दायरे में आता है। परिषद ने पिछली बार 2018 में लिथियम-आयन बैटरी पर जीएसटी दर को 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक घटा दिया था। अब, ईवी इकोसिस्टम पर अधिक जोर देने और अधिक वाहन निमार्ता मैदान में प्रवेश करने के साथ, बैटरी और ईवी के बीच कीमत समानता के लिए एक नए सिरे से विचार किया जा रहा है, क्योंकि अभी इलेक्ट्रिक व्हीकल पर सिर्फ 5 प्रतिशत ही टैक्स लगाया जाता है।

# टेनसेंट ने फ्लिपकार्ट में 26.4 करोड़ डॉलर की हिस्सेदारी खरीदी

## -बिन्नी बंसल के पास बचा 1.84 फीसदी स्टेक




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** चीनी प्रौद्योगिकी कंपनी टेनसेंट ने फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल से ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म में हिस्सेदारी खरीदी है। आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार, टेनसेंट की यूरोपीय सब्सिडियरी के साथ यह सौदा 26.4 करोड़ डॉलर (लगभग 2,060 करोड़ रुपये) में हुआ है। फ्लिपकार्ट का मुख्यालय सिंगापुर में हैं, इसका परिचालन केवल भारत तक सीमित है। टेनसेंट क्लाउड यूरोप बी वी के साथ सौदे के बाद फ्लिपकार्ट में इसके सह-संस्थापक बिन्नी बंसल की हिस्सेदारी करीब 1.84 प्रतिशत रह गई है। यह सौदा 26 अक्टूबर, 2021 को पूरा हुआ था और इसकी जानकारी सरकारी अधिकारियों को चालू वित्त वर्ष की शुरूआत में दी गई। अब फ्लिपकार्ट में टेनसेंट की सब्सिडियरी की हिस्सेदारी 0.72 फीसदी हो गई है। जुलाई, 2021 तक फ्लिपकार्ट द्वारा सिंगापुर के सॉवरिन वेल्थ फंड जीआईसी, सॉफ्टबैंक विजन फंड 2 और वॉलमार्ट की अगुआई वाले फंडिंग राउंड में 3.6 अरब डॉलर जुटाने के बाद इसका मूल्यांकन बढ़कर 37.6 अरब डॉलर हो गया था। टेनसेंट और बिन्नी बंसल के बीच यह सौदा इसी फंडिंग राउंड के बाद हुआ था। खबरों के अनुसार, यह सौदा सिंगापुर में हुआ था। फ्लिपकार्ट का कहना है कि वह एक जिम्मेदार कंपनी है और यह सौदा प्रेस नोट 3 के दायरे में नहीं आता है। दर-असल, प्रेस नोट 3 के अनुसार, अगर कोई कंपनी किसी इसतरह के देश से फंडिंग प्राप्त करती जिसकी सीमा भारत से लगती है, तब उस निवेश की जांच की जाएगी। गौरतलब है कि टेनसेंट के निवेश वाली पबजी गेम को भारत ने बैन कर दिया है। बता दें कि फ्लिपकार्ट के अलावा भी टेनसेंट की कई भारतीय कंपनियों में हिस्सेदारी है। इसमें ओला और बायजू जैसी बड़ी ऑनलाइन कंपनियां शामिल हैं।

# कोरोना से निपटने में डब्ल्यूटीओ ने नहीं दिखाई तत्परता: गोयल




**जिनेवा (ईएमएस)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कोरोना महामारी से निपटने के लिए भारत ने विभिन्न देशों में चिकित्सा उत्पादों की अपूर्ति तेज कर दी, लेकिन विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) इस दिशा में तत्परता नहीं दिखा सका। गोयल ने कहा कि समय रहते प्रतिक्रया करने में असमर्थ रहने के कारण डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों को शर्म से सिर झुका लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों ने कम विकसित देशों (एलडीसी) और विकासशील देशों के लोगों को नीचा दिखाया है। मेरे देश ने वैश्विक स्तर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी वस्तुओं को उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा उत्पादों की आपूर्ति में वृद्धि की। दुर्भाग्य से विश्व व्यापार संगठन तत्परता नहीं दिखा सका। डब्ल्यूटीओ ने एलडीसी और विकासशील देशों के लोगों को नीचा दिखाया है। अमीर देशों को आत्म मंथन करने की जरूरत है! डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों को महामारी के जवाब में प्रतिक्रिया करने में असमर्थता के लिए शर्म से सिर झुका लेना चाहिए। गोयल डब्ल्यूटीओ के 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। एमसी विश्व व्यापार संगठन का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है और चार साल से अधिक समय के अंतराल के बाद इसकी बैठक हो रही है। बैठक यूक्रेन-रूस युद्ध और वैश्विक खाद्य एवं ऊर्जा संकट की पृष्ठभूमि में हो रही है। गोयल ने कहा कि महामारी ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के महत्व को बल दिया है। उन्होंने वैश्विक एकजुटता और सामूहिक कार्रवाई का आह्वान किया।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल प्रति बैरल 120 डॉलर पार



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का दाम 120 डॉलर प्रति बैरल पार होने के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने लगातार 22वें दिन दोनों ईंधन की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। दिल्ली में सोमवार को भी पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 109.27 रुपये प्रति लीटर और डीजल का भाव 95.84 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल की कीमत 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल का भाव 94.24 रुपये प्रति लीटर है। इसके अलावा देश के अन्य शहरों नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का भाव 89.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। फिलहाल यह 120 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास बना हुआ है, जो मार्च 2021 के बाद एक दशक का उच्चतम स्तर है। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड 120.36 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 118.96 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# दक्षिण अफ्रीका आईबीएफ से जुड़ने का इच्छुक: मंत्री



**जोहानिसबर्ग (ईएमएस)।** दक्षिण अफ्रीका के एक वरिष्ठ मंत्री ने देश के विकास में सहयोग देने के लिए कहा कि उनका देश द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के लिए सीआईआई भारत व्यापार मंच (आईबीएफ) और संबंधित स्थानीय मंत्रालयों के साथ जुड़ने को तैयार है। दक्षिण अफ्रीका ने दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए आईबीएफ और संबंधित स्थानीय मंत्रालयों के बीच एक संयुक्त कार्य बल के गठन का प्रस्ताव रखा है। उच्च शिक्षा, विज्ञान और नवाचार मंत्री ब्लेड नजीमांडे ने आईबीएफ की वार्षिक आम बैठक में कहा कि मुझे पहले ही संकेत देना चाहिए कि एक मंत्री के रूप में मैं और मेरे दोनों विभाग आपसी लाभ के लिए इस मंच के साथ जुड़ने को तैयार हैं। आईबीएफ दक्षिण अफ्रीका में संचालित 100 से अधिक भारतीय कंपनियों का एक संघ है। हम अपनी भविष्य की साझेदारी के विवरण पर काम करने के लिए एक संयुक्त कार्य बल के गठन का प्रस्ताव पेश करते हैं। आईबीएफ की बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब दक्षिण अफ्रीकी सरकार और व्यवसायों को अर्थव्यवस्था को विकसित करने और रोजगार पैदा करने के लिए मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देने की जरूरत है।

# इंदौर राजघराने की बहू नायरिका बनेंगी गोदरेज की सीएमडी

**मुंबई (ईएमएस)।** जमशेद गोदरेज ने इंदौर के जानेमाने होल्कर राजघराने की बहू नायरिका होलकर को 12,000 करोड़ रुपए की कंपनी गोदरेज एंड बॉयसी की अगली सीएमडी बनाने का फैसला किया है। नायरिका इस 125 साल पुरानी कंपनी में कार्यकारी निदेशक हैं। उन्हें जमशेद गोदरेज के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा था लेकिन जमशेद गोदरेज ने टीओआई के साथ साक्षात्कार में खुद इस बात की पुष्टि की है कि उनकी भांजी नायरिका कंपनी की अगली सीएमडी होंगी। जमशेद ने साथ ही उन्हें सलाह दी है कि वह फाइनेंस के मामले में कंजरवेटिव रुख अपनाएं और कंपनी के लिए अगले 125 साल की योजना बनाकर चलें। नायरिका को 2017 में जीएंडबी के बोर्ड में शामिल किया गया था। वह जमशेद की बहन स्मिता कृष्णा की बेटी हैं। उन्होंने अमेरिका को कोलाराडो कॉलेज से फिलॉसफी और इकनॉमिक्स में बीए करने के बाद ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन से एलएलबी और एलएलएम की डिग्री ली थी।

उनकी शादी 2015 में होलकर राजघराने के यशवंत राव होलकर से हुई है। दोनों बचपन के दोस्त हैं। यशवंत और नायरिका ने मुंबई में नर्सरी की पढ़ाई साथ-साथ की। जमशेद गोदरेज ग्रुप के चेयरमैन आदि गोदरेज और गोदरेज एग्रोवेट के चेयरमैन नादिर गोदरेज के कजन हैं। जमशेद ने कहा कि नायरिका की कारोबार में दिलचस्पी है और वह जुनूनी भी हैं। हमारी 125 साल की विरासत इस मजबूत विश्वास का प्रतीक है कि कारोबार के लिए एक पायनियरिंग स्पिरिट जरूरी है। साथ ही इनोवेशन की भावना भी जरूरी है। हम जो कुछ भी करें वह उसकी जड़ें स्थाई होनी चाहिए। हमें जुनून रखने वाले लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए। गोदरेज परिवार में बंटवारे को लेकर बातचीत चल रही है लेकिन जमशेद ने इस पर कहा कि हमने इस मुद्दे पर सार्वजनिक तौर पर बात नहीं करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि कंपनी के स्तर पर अभी अच्छी मांग है।

# मारुति ने पिछले आठ साल में 17.4 करोड़ लीटर तेल बचाया

## - कंपनी ने रेलवे के जरिए 11 लाख कारें देश के विभिन्न हिस्सों में बेचने के लिए भेजी




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने पिछले आठ साल में 17.4 करोड़ लीटर तेल की बचत की है। इस दौरान मारुति ने रेलवे के जरिए 11 लाख कारें देश के विभिन्न हिस्सों में बिक्री के लिए भेजी हैं। इससे 4,800 टन कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करने में मदद मिली है। मारुति के इस कदम से ट्रकों के करीब 1,56,000 फेरे कम लगे हैं और 17.4 करोड़ लीटर ईंधन की बचत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में मारुति ने रेलवे के जरिए रेकॉर्ड 2.33 लाख वाहनों को देश के विभिन्न हिस्सों में बिक्री के लिए भेजा। यह मारुति द्वारा रेलवे के जरिए भेजी कई अब तक की सबसे बड़ी खेप है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मारुति ने करीब आठ साल पहले अपने वाहनों को रेलवे के जरिये देश के विभिन्न हिस्सों में भेजना शुरू किया था। कंपनी ने 2020-21 में रेलवे के जरिए 1.89 लाख गाड़ियां देश के विभिन्न हिस्सों में भेजी थी। वित्त वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 2.33 लाख पहुंच गया। इस तरह 2021-22 में कंपनी की रेलवे के जरिए ढुलाई में 23 प्रतिशत का इजाफा हुआ। इस तरह कंपनी ने पिछले आठ साल में रेलवे के जरिए अपनी 11 लाख कारों को डिस्पैच किया। मारुति सुजुकी के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने कहा कि रेलवे के जरिए कारें भेजने से कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिलती ही है। साथ ही सड़क पर जाम से भी मुक्ति मिलती है।

उन्होंने बताया कि साल 2014-15 में कंपनी ने रेलवे के जरिए 66,000 कारों को भेजा था। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने गाड़ियों को को भेजने के लिए रेलवे का इस्तेमाल बढ़ाएगी। अभी कंपनी ने देश के विभिन्न हिस्सों में जो गाड़ियां भेजती है उनमें से 15 प्रतिशत की ढुलाई रेलवे के जरिए होती है। कंपनी के पास 41 रेलवे रैक हैं। इनमें प्रत्येक रैक की क्षमता 300 वाहनों की है। रेलवे से गाड़ियां भेजना सस्ता पड़ता है। साथ ही इससे दूरदराज के इलाकों में तेजी से कारों को भेजा जा सकता है। मारुति को 2013 में ऑटोमोबाइल फ्रेट ट्रेन ऑपरेटर लाइसेंस मिला था। वह यह लाइसेंस हासिल करने वाली देश की पहले ऑटो कंपनी थी। इससे कंपनी को रेलवे के नेटवर्क पर हाई-स्पीड और हाई कैपेसिटी वाले ऑटो वैगन रैक्स को ऑपरेट करने की अनुमति मिली थी। अभी मारुति के पास छह लोडिंग टर्मिनल और 16 डेस्टिनेशन टर्मिनल हैं। अगरतला को 2019 और सिलचर को 2021 में डेस्टिनेशन टर्मिनल बनाया गया था। इससे पूर्वोतर राज्यों तक करीब आठ दिन में कारें पहुंच जाती है। रोड ट्रांसपोर्टेशन के जरिए इसमें करीब 16 दिन लगते हैं।

# नथिंग फोन 1 होगा 12 जुलाई को लांच


## -सबसे यूनीक स्मार्टफोन नथिंग फोन 1



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** नथिंग फोन 1 अब बारह जुलाई को लांच होगा। यह फोन सबसे यूनिक है। फोन की लॉन्चिंग तारीख ऑफिशियल तौर पर कंफर्म हो गई है। नथिंग फोन 1 कंपनी का पहला स्मार्टफोन होगा, जो कि प्रीमियम स्मार्टफोन खरीदारों को टारगेट करेगा। नथिंग फोन 1 को भारत में फ्लिपकार्ट के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा। नोटिफाई मी पेज को फ्लिपकार्ट पर लाइव कर दिया गया है। नथिंग फोन 1 के कुछ स्पेसिफिकेशंस पहले ही लीक हो गए है, और पता चला है कि ये फोन कंपनी के खुद के ऑपरेटिंग सिस्टम स्नपड्रैगन प्रोसेसर पर काम करेगा। नथिंग फोन 1 में क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 7 जेन 1 हो सकता है, जो कि 12जीबी रैम के साथ आएगा। नथिंग फोन 1 से उम्मीद की जा रही है कि ये एंड्रॉयड 12 पर काम करेगा। टेक ड्रॉएडेर नाम के लीस्टर द्वारा लीक की गई लेटेस्ट रिपोर्ट में मालूम हुआ है कि नथिंग फोन 1 में 6.55 इंच का बड़ा डिस्प्ले दिया जाएगा। टिप्स्टर का दावा है कि फोन ओलेड डिस्प्ले के साथ आएगा, जिसे फुल एचडी+ रेजोलूशन 1080*2400 पिक्सल के साथ पेश किया जा सकता है। फिलहाल नथिंग फोन 1 के डिस्प्ले के रिफ्रेश रेट के बारे में कुछ भी नहीं बताया गया है। लेकिन जैसे कि डिस्प्ले की कुछ डिटेल सामने आई है, उस हिसाब से ये कहना गलत नहीं होगा कि नथिंग फोन 1 का डिस्प्ले 120एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आ सकता है। इससे पहले नथिंग फोन 1 को लेकर एक खास जानकारी मिली है, जिसमें पता चला है कि फोन का बैक पैनल ट्रांसपेरेंट होगा, यानी कि झलकता हुआ बैक पैनल होगा। इसका खुलासा खुद पाई और नथिंग के डिजाइन हेड टॉप हॉवर्ड ने किया है।इसके अलावा कंपनी ने कंफर्म किया है कि नथिंग फोन 1 में स्नैपड्रैगन चिपसेट मिलता है, हालांकि एसओसी की डिटेल सामने नहीं आई है।

## दैनिक पंचांग

**14 जून 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.23 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कर्क | 07.36 बजे से |
| मंगल | मीन में | सिंह | 09.53 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 12.04 बजे से |
| गुरु | मीन में | तुला | 14.15 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.30 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 18.46 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 20.51 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 22.38 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.10 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मेष | 01.41 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.21 बजे से |

**मंगलवार** 2022 वर्ष का 165 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 17.22 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 18.32 बजे को समाप्त। **योग** साध्य 09.40 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 07.14 बजे, बव 17.22 बजे तदनन्तर बालव 03.27 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर $23^{0}$ 15' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871279 **जूलियन दिन** 2459744.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2548 **हिजरी सन्** 1443 **महीना** जिल्काद **तारीख** 14 **विशेष** वट पूर्णिमा व्रत, ज्येष्ठ पूर्णिमा, अन्वाधान, कबीरदास जयंती, विश्व रक्तदान दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

# बोलेरो नियो में एक साथ बैठ सकेंगे 9 लोग

## -साल के आखिर में उतारा जाएगा इसे बाजार में




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** स्वदेशी कंपनी महिन्द्रा अपनी एसयूवी बोलेरो नियो के अपडेट वर्जन को लॉन्च करने जा रही है। साल के आखिर में इसे बाजार में उतारा जाएगा। यह एसयूवी 7 या 9 पैसेंजर कैपेसिटी के साथ आएगी। बताया जा रहा है कि कंपनी ने जुलाई 2021 में पहली बार बोलेरो नियो को लॉन्च किया था। एसयूवी के नए वर्जन का नाम महिंद्रा बोलेरो नियो प्लस होगा। नई बोलेरो नियो प्लस पूरी तरह से नया प्रोडक्ट नहीं होगी। इसे टीयूवी300 प्लस एसयूवी के रीवैज वर्जन के रूप में लॉन्च किया जा रहा है, जिसे पिछले साल अप्रैल 2020 में लॉन्च किया गया था।माना जा रहा है कि बोलेरे नियो प्लस का साइज अपकमिंग मॉडल की तुलना में बड़ा होगा। इसकी लंबाई 4400 एमएम, चौड़ाई 1795एमएम और ऊंचाई 1812एमएम होगी। इसका वीलबेस 2680एमएम का होगा। वहीं इसका 5-सीटर वर्जन 3995एमएम लंबा, 1795एमएम चौड़ा और 1817एमएमलंबा है। इसके फीचर्स की बात करें तो अपकमिंग एसयूवी में नए एमआईडी डिस्प्ले के साथ नया इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ 7-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, माउंटेड कंट्रोल के साथ टिल्ट एडजेस्टेबल पावर स्टीयरिंग वील, इलेक्ट्रॉनिकली एडजस्टेबल ओआरवीएम, फ्रंट आर्मरेस्ट, हाइट एडजेस्टेबल ड्राइवर सीट, ईको मोड वाला एसी और कई शानदार फीचर दिए जाएंगे।महिंद्रा बोलेरो नियो प्लस के इंजन की बात करें तो इसमें मौजूदा मॉडल की तरह 2.2 लीटर डीजल इंजन देखने को मिलेगा। यह इंजन 4,000आरपीएम पर 118बीएचपी की पावर जनरेट कर सकता है। इसमें मैनुअल और ऑटोमैटिक गियरबॉक्स दोनों का ऑप्शन मिलेगा। बोलेरो नियो वर्तमान में 5 वेरिएंट में आती है। इसमें एन4, एन8, एन10आर, एन10 और एन10 शामिल हैं। मौजूदा नियो मॉडल की कीमत 9.29 लाख रुपये से शुरू होकर 11.78 लाख रुपये तक जाती है। ऐसे में महिंद्रा बोलेरो नियो प्लसकी कीमत 12 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू हो सकती है। वहीं, महिंद्रा 27 जून को भारतीय बाजार में नई स्कॉर्पियो लॉन्च करने जा रही है। नई महिंद्रा स्कॉर्पियो एन एसयूवी को कई एडवांस फीचर्स के साथ पेश किया जाएगा।

## आज का राशिफल

आज का भाग्य

**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे तथा शुक्रोदय पूर्वे तिथि 15, मंगलवासरे, ज्येष्ठा नक्षत्रे, साध्य योगे, विवकरणे, धनु की चंद्रमा, भद्रा 6/12 सु.स्नान दान पूर्णिमा, वट सावित्री क्रत, पूर्व, उत्तर दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता, अधिवक्ता, शासक, प्रशासक, उद्यमी, कार्यसंचालक, व्यावसायी, जिद्दी, हठी, शिक्षक, प्रोफेसर, लेक्चरार, आचार्य, विद्वान, संत, महात्मा, योगीभोगी, कर्मशील तथा धर्मप्रचारक, निष्ठावान होगा।**

**मेष राशि :- इष्ट मित्रों से कार्य में रुकावट, कार्य बेचैनी तथा असमर्थता होगी।**
**वृष राशि - आशानुकूल सफलता से कार्य बनेंगे तथा रुके कार्य बनने के योग हैं।**
**मिथुन राशि - परिश्रम से सफलता के कार्य बनेंगे, व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि के योग हैं।**
**कर्क राशि - कुटुम्ब की समस्याए कुछ सुलझें, व्यावसायिक क्षमता अवश्य बढ़ेगी।**
**सिंह राशि - विशेष कार्य स्थगित रखें, किसी विवाद-झगड़े से निश्चय हानि होगी।**
**कन्या राशि - परिश्रम से सफलता के कार्य जुटायें, अन्यथा हानि संभव होगी।**
**तुला राशि - आशानुकूल सफलता में विजय, दैनिक कार्य में सुधार होगा।**
**वृश्चिक राशि - तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, उत्तेजना से बचकर चलें।**
**धनु राशि - धन लाभ, बिगड़े हुए कार्य बनेंगे, इष्ट मित्र सुखवर्धक होवेंगे।**
**मकर राशि - विशेष कार्य बिगड़े रहेंगे, किसी विवाद-झगड़े के कारण होंगे।**
**कुंभ राशि - कुटुम्ब के कार्य में समय बीते, स्त्री वर्ग से तनाव अवश्य बनेगा।**
**मीन राशि - तनाव-क्लेश व अशांति व्यर्थ भ्रमण, धन का व्यय, अवरोध होगा।**

# एशियाई खेलों के दोहरे स्वर्ण पदक विजेता पूर्व धावक हरि चंद का निधन




**होशियारपुर, (हि.स.)।** एशियाई खेलों के दोहरे स्वर्ण पदक विजेता और ओलंपियन हरि चंद का सोमवार सुबह 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया। 1 अप्रैल, 1953 को जन्मे, लंबी दूरी के पूर्व धावक हरि चंद पंजाब के होशियारपुर के घोरेवा गांव के रहने वाले थे। हरि चंद उन महान खिलाड़ियों में से एक थे जिन्हें भारत ने डिस्टेंस रनिंग में बनाया है। उन्होंने दो ओलंपिक खेलों में भाग लिया। मॉन्ट्रियल में 1976 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में, वह 28: 48.72 के समय के साथ 10,000 मीटर में आठवें स्थान पर आए, जो एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड था और 32 वर्षों तक बना रहा। इसके बाद उन्होंने 1980 के ओलंपिक पुरुष मैराथन में भाग लिया जहां उन्होंने लेनिन स्टेडियम, मॉस्को में 2:22:08 के समय के साथ दौड़ पूरी की। भारतीय एथलेटिक्स के गुमनाम नायक हरि चंद ने 1978 के बैंकाक एशियाई खेलों में भी दो स्वर्ण पदक जीते। थाईलैंड में, हरि 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों स्पधाओं में पोडियम के शीर्ष पायदान पर थे। भारत में खेलों में उनके योगदान के लिए, हरि चंद को अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

# दूसरे टी-20 में हार के बाद पंत ने कहा-मैच के दूसरे हाफ में हम विकेट लेने मे असफल रहे




**कटक, (हि.स.)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी 20 मैच में चार विकेट से हारने के बाद, भारतीय कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि उनकी टीम को दूसरे हाफ में विकेट की जरूरत थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बता दें कि जीत के लिए 149 रनों का पीछा करने उतरी अफ्रीकी टीम ने हेनरिक क्लासेन के 46 गेंदों पर बनाए गए 81 रनों की बदौलत 10 गेंदें शेष रहते ही चार विकेट से जीत दर्ज कर ली। भारत के लिए भुवनेश्वर कुमार ने चार ओवरों में 13 रन देकर 4 विकेट लिए, लेकिन उनके इस प्रदर्शन के बावजूद भारतीय टीम अपना हार नहीं टाल सकी। मैच के बाद पंत ने कहा, "हमने 10-15 रन कम बनाए। भुवी और तेज गेंदबाजों ने पहले 7-8 ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की। लेकिन उसके बाद, हम मैच में नहीं थे। हमें दूसरे हाफ में हमें विकेटों की जरूरत थी, लेकिन हम वो विकेट हासिल नहीं कर सके।" पंत ने कहा, " क्लासेन और बावुमा ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। हम बेहतर गेंदबाजी कर सकते थे, उम्मीद है कि हम अगले गेम में सुधार करेंगे। हमें अब शेष तीनों मैच जीतने की जरूरत है।"

149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने एक समय केवल 29 रनों पर रीजा हैंड्रिकेस (04), ड्वेन प्रीटोरियस (04) और रासी वेन डेर डूसेन (01) का विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन इसके बाद क्लासेन (81), बावुमा (35) और डेविड मिलर (नाबाद 20) ने अफ्रीकी टीम को 18.2 ओवर में चार विकेट शेष रहते जीत दिला दी। इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने भारत को 20 ओवरों में 6 विकेट पर 148 रनों के स्कोर पर रोक दिया। भारत के लिए ईशान किशन (34), श्रेयस अय्यर (40) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 30) ही कुछ संघर्ष कर सके। दोनों टीमें विशाखापत्तनम में मंगलवार को तीसरे टी20 मैच में आमने सामने होंगी।

# मिलर ने की क्लासेन की तारीफ, कहा-उन्होंने सर्वश्रेष्ठ पारी खेली




**कटक, (हि.स.)।** पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी 20 में भारत पर चार विकेट दर्ज करने के बाद, दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर ने साथी खिलाड़ी हेनरिक क्लासेन की 'अभूतपूर्व' पारी की जमकर तारीफ की। मैच में, क्लासेन ने 46 गेंदों में सात चौकों और पांच छक्कों की बदौलत 81 रन बनाए। मैच के बाद मिलर ने कहा, "यह एक शानदार जीत थी। यह थोड़ा मुश्किल विकेट था जैसा कि हम सभी जानते थे, हम मुश्किल में नहीं थे, लेकिन उन्होंने पहले 10 ओवरों में वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, क्लासी की पारी अभूतपूर्व और सर्वश्रेष्ठ थी। जिन परिस्थितियों में वह खेले और उन्होंने जो किया उससे मैच हमारे लिए आसान बन गया।" बता दें कि मैदान पर भारत के लिए एक खराब दिन था क्योंकि भारतीय बल्लेबाज मुश्किल सतह पर बल्ले से कुछ खास नहीं कर सके और भुवनेश्वर कुमार के पावरप्ले में बेहतरीन गेंदबाजी के बावजूद अफ्रीकी टीम को जीत से रोकने में असफल रहे। मिलर ने कहा, "यहां जीतना वाकई मुश्किल है, इसलिए इस तरह से जीत हासिल करना और 2-0 से आगे होना एक बड़ी उपलब्धि है। हम सही रास्ते पर हैं, लेकिन अभी भी काफी क्रिकेट खेला जाना बाकी है।" मैच में 149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने एक समय केवल 29 रनों पर रीजा हैंड्रिकेस (04), ड्वेन प्रीटोरियस (04) और रासी वेन डेर डूसेन (01) का विकेट गंवा दिया था, लेकिन इसके बाद क्लासेन (81), बावुमा (35) और डेविड मिलर (नाबाद 20) ने अफ्रीकी टीम को 18.2 ओवर में चार विकेट शेष रहते जीत दिला दी। इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने भारत को 20 ओवरों में 6 विकेट पर 148 रनों के स्कोर पर रोक दिया। भारत के लिए ईशान किशन (34), श्रेयस अय्यर (40) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 30) ही कुछ संघर्ष कर सके। दोनों टीमें विशाखापत्तनम में मंगलवार को तीसरे टी20 मैच में आमने सामने होंगी।

# हमारा ध्यान अब बांग्लादेश के खिलाफ आगामी श्रृंखला पर : निकोलस पूरन



**मुल्तान, (हि.स.)।** वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन ने कहा कि पाकिस्तान से तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 'निराशाजनक' हार के बाद अब उनका पूरा ध्यान बांग्लादेश के खिलाफ आगामी श्रृंखला पर है। निचले मध्यक्रम की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को तीसरे एकदिवसीय मैच में 53 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। मैच के बाद पूरन ने कहा, "पिछले दो मैच हमारे लिए निराशाजनक थे। पहले मैच में, हमने एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया। हम इस श्रृंखला से बहुत कुछ सीखेंगे। अकील वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है। वह अच्छा खेला। यह एक कठिन श्रृंखला थी। मुझे वास्तव में खिलाड़ियों पर गर्व है कि विपक्षी टीम को अच्छी चुनौती दी।" उन्होंने कहा, "बांग्लादेश श्रृंखला के लिए कुछ दिन हैं और हम उसका इंतजार कर रहे हैं। मुल्तान के प्रशंसक अद्भुत रहे हैं, हम प्रशंसकों से प्यार करते हैं। वे अच्छे क्रिकेट का समर्थन करते हैं और इसकी सराहना की जाती है।" वेस्टइंडीज 16 जून से बांग्लादेश के साथ दो मैचों की टेस्ट सीरीज और एक टी20 मैच खेलेगी तीसरे एकदिनी की बात करें तो धूल भरी आंधी के कारण मैच को लगभग एक घंटे के लिए रोकना पड़ा, जिसके कारण मैच को 48 ओवर का किया गया, पाकिस्तानी टीम ने 48 ओवर में नौ विकेट पर 269 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 37.2 ओवर में 216 रन पर ऑल आउट हो गई। वेस्टइंडीज के लिए अकील होसेन ने 37 गेंदों में 60 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने दो चौके और छह छक्के लगाए। अकील के अलावा कीसी कार्टी ने 33 और शाई होप और कीमो पॉल ने 21-21 रनों का योगदान दिया।

# टी-20 में भारत के खिलाफ सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बने हेनरिक क्लासेन

**कटक, (हि.स.)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के खिलाफ सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने कटक के बाराबती स्टेडियम में भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच में, क्लासेन ने 46 गेंदों में सात चौकों और पांच छक्कों की बदौलत 81 रन बनाए। इसी के साथ क्लासेन ने विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के स्कोर को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 2019 में बेंगलुरू में खेले गए श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टी20 में भारत के खिलाफ नाबाद 79 रन बनाए थे।

149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने एक समय केवल 29 रनों पर रीजा हैंड्रिकेस (04), ड्वेन प्रीटोरियस (04) और रासी वेन डेर डूसेन (01) का विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन इसके बाद क्लासेन (81), बावुमा (35) और डेविड मिलर (नाबाद 20) ने अफ्रीकी टीम को 18.2 ओवर में चार विकेट शेष रहते जीत दिला दी। इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने भारत को 20 ओवरों में 6 विकेट पर 148 रनों के स्कोर पर रोक दिया। भारत के लिए ईशान किशन (34), श्रेयस अय्यर (40) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 30) ही कुछ संघर्ष कर सके। दोनों टीमें विशाखापत्तनम में मंगलवार को तीसरे टी20 मैच में आमने सामने होंगी।

# यूईएफए नेशंस लीग : स्विट्जरलैंड ने पुर्तगाल को 1-0 से हराया, दर्ज की पहली जीत




**जेनेवा, (हि.स.)।** स्विट्जरलैंड ने यूईएफए नेशंस फुटबॉल लीग के ग्रुप ए2 मुकाबले में पुर्तगाल को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। हारिस सेफेरोविक मैच के 57वें सेंकेड में गोल कर स्विट्जरलैंड को 1-0 की बढ़त दिलाई, जो यूईएफए नेशंस लीग में अब तक का सबसे तेज गोल था। इसके साथ ही स्विट्जरलैंड ने पुर्तगाल के खिलाफ अपनी पिछली तीन घरेलू मुकाबलों में जीत की लय बरकरार रखी। मेजबान स्विट्जरलैंड ने अपने स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बगैर उतरी पुर्तगाली टीम के खिलाफ तेज शुरूआत की और मैच के 57वें सेकेंड में ही हारिस सेफेरोविक ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। जीत हासिल करने के बाद स्विट्जरलैंड के कप्तान ग्रैनिट झाका ने कहा, "खेल से पहले मुझे अच्छा लग रहा था क्योंकि मुझे पता था कि हम पुर्तगाल जैसी एक बड़ी टीम को हरा सकते हैं, क्योंकि हमारे पास गुणवत्ता है। मैं टीम के लिए खुश हूं।"

# धोनी के दिमाग को पढ़ना चाहते हैं कार्तिक




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा है कि वह भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के दिमाग को पढ़ना चाहते हैं पर उनके पास ऐसी कोई क्षमता नहीं है। बीसीसीआई ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो भी साझा किया है। इसमें कार्तिक से उनकी पसंद को लेकर सवाल किये जा रहे थे। इस दौरान जब उनसे यह पूछा गया कि अगर उनके पास दिमाग पढ़ने की क्षमता होती तो वह किसका दिमाग पढ़ते? तब कार्तिक ने कहा, अगर मुझ में किसी के दिमाग को पढ़ने की क्षमता होती तो मैं निश्चित ही धोनी के दिमाग को पढ़ता। धोनी अपने तेज दिमाग और शानदार रणनीति के लिए जाने जाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह टेनिस स्टार रोजर फेडरर के साथ लंच करना पसंद करेंगे। फेडरर को उन्होंने अपना पसंदीदा टेनिस खिलाड़ी भी बताया। कार्तिक ने आईपीएल के 15 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ओर से शानदार बल्लेबाजी की थी। उन्होंने इस दौरान फिनिशर की भूमिका निभाते हुए अपनी टीम को कई मैच जिताए। वहीं जब उनसे पूछा गया कि टीम के साथ डिनर करना पसंद करेंगे या फिल्म देखना। तब कार्तिक ने कहा, टीम के साथ डिनर करना पसंद करूंगा। वहीं चाय या कॉफी में क्या पसंद करेंगे? इसपर उन्होंने कहा चाय पीना।

# यूईएफए नेशंस लीग : स्पेन ने चेक गणराज्य को 2-0 से हराया




**मलागा, (हि.स.)।** स्पेन ने यूईएफए नेशंस लीग ग्रुप ए 2 के मुकाबले में चेक गणराज्य को 2-0 से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही स्पेन की टीम अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। मैच में स्पेन ने तेज शुरूआत की और लगभग 75 प्रतिशत गेंद पर कब्जा बनाए रखा। मैच के 24वें मिनट में कार्लोस सोलेर ने गोल कर स्पेन को 1-0 की बढ़त दिला दी। हाफ टाइम तक स्पेन ने अपनी 1-0 की बढ़त बरकरार रखी। हाफ टाइम के बाद मैच के 75वें मिनट में पाब्लो सराबिया ने गोल कर स्पेन की बढ़त 2-0 कर दी और यही स्कोर अंत में निर्णायक साबित हुआ। मैच के बाद स्पेन के कोच लुइस एनरिक ने कहा, "मैं कई खिलाड़ियों के लिए खुश हूं जिन्होंने आज शानदार खेल दिखाया। हम पहले हाफ में कुछ और गोल कर सकते थे। यह एक कठिन मुकाबला था। और हमें इसके लिए काम करना पड़ा क्योंकि हमारे विरोधी उच्च स्तर पर खेले। माहौल अद्भुत था और मैं मलागा में प्रशंसकों को समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।" बता दें कि स्पेन ने लगातार 18 मैचों में और अपने पिछले 16 यूईएफए नेशंस लीग मैचों में से 15 में स्कोर किया है। स्पेन ने अपने पिछले 27 मैचों में से केवल दो में हार का सामना किया है।

# मिशेल श्रीलंका के खिलाफ पहले दो मैचों में नहीं खेलेंगे




**कोलंबो (ईएमएस)।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल मार्श चोटिल होने के कारण श्रीलंका के खिलाफ 14 जून से पल्लेकेले में शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के पहले दो एकदिवसीय मैचों में नहीं खेलेंगे। मिशेल के मिशेल स्टार्क की तरह ही अंगुली में चोट लगी है। मिशेल के अलावा सीन एबॉट भी चोटिल होने के कारण स्वदेश लौट गये हैं। वहीं टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन जैसे खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई टीम के पास उपलब्ध हैं। वहीं मार्नस लाबुस्चगने टी20 टीम से बाहर हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि तीनों सोमवार को कैंडी में प्रशिक्षण शुरू करेंगे हालांकि ट्रैविस हेड की टीम में वापसी की संभावना नहीं है क्योंकि वह हंबनटोटा में ऑस्ट्रेलिया ए टीम के साथ बने रहेंगे। वहीं अपने बच्चे के जन्म के लिए प्रमुख गेंदबाज एडम जम्पा स्वदेश गये हैं। इस कारण मिशेल स्वेपसन को स्पिनर एश्टन एगर के साथ खेलने का अवसर मिलेगा।

# विराट और आजम में तुलना नहीं कर सकते : शाहीन




**लाहौर (ईएमएस)।** पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम के बीच तुलना नहीं की जा सकती। शाहीन ने कहा, कोहली 33 साल के हैं और बाबर 27 वर्ष के हैं। बाबर पिछले कुछ वर्षों से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि विराट पहले से ही शीर्ष पर हैं और ऐसे में अब और उनके पास साबित करने के लिए बहुत कुछ नहीं बचा है। शाहीन ने इसके साथ ही कहा कि विराट ने जहां 458 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं वहीं आजम ने अब तक 202 ही मैच खेले हैं जो आधे से भी कम हैं। आजम ने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई अहम रिकार्ड अपने नाम किये हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के पहले मैच में उन्होंने 103 रनों की शतकीय पारी खेली थी। आजम कप्तान के तौर पर एकदिवसीय में सबसे तेजी से 1000 रन पूरे करने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी भी बने है। इस मामले में उन्होंने विराट को भी पीछे छोड़ दिया। कोहली ने कप्तान के तौर पर एकदिवसीय की 17 पारियों में 1000 बनाये थे जबकि आजम ने 13 एकदिवसीय मैचों की पारियों में ही यह आंकड़ा हासिल किया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में भी उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 77 रन बनाए थे।

### भुवनेश्नर टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बने

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्नर कुमार ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 क्रिकेट मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवरों में 13 रन देकर 4 विकेट लिए। भुवनेश्वर ने पावरप्ले में शानदार गेंदबाजी की और मेहमान दक्षिण अफ्रीकी टीम के बल्लेबाजों पर दबाव बनाये रखा। भुवनेश्वर ने 4 ओवर में 13 रन देकर 4 विकेट लिए। अब भुवनेश्नर टी-20 इंटरनेशनल के पावर प्ले में भारत की ओर से तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। भूवी ने साल 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू करने के बाद ही पावरप्ले में तीन विकेट लिए थे। टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में न्यूजीलैंड के टिम साउदी और श्रीलंका के नुवान कुलासेकरा पहले ओर दूसरे नंबर पर हैं। इन दोनो के नाम क्रमशः 42 और 34 विकेट हैं। वहीं भुवनेश्वर के पावरप्ले में कुल 33 विकेट हैं।

# ऋषभ पंत की कप्तानी पर उठे सवाल




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 क्रिकेट मुकाबले में भी भारतीय टीम को मिली हार के बाद कप्तान ऋषभ पंत दिग्गजों के निशाने पर हैं। लगातार दो हार से उनकी कप्तानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका ने इस जीत के साथ ही पांच टी20 मैचों की इस सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पहले मैच में गेंदबाजों की रोटेशन पर सवाल उठे थे तो अब दूसरे टी20 में बल्लेबाजी रैंकिंग पर सवाल उठ रहे हैं। दूसरे टी20 में ऋषभ ने दिनेश कार्तिक से पहले अक्षर पटेल को बल्लेबाजी के लिए भेजा था, उनके इस फैसले की भी आलोचना हुई है। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भी ऋषभ के इस फैसले पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कार्तिक को फिनिशर मानकर देर से भेजा गया। साथ ही उन्होंने यह कहा कि ऐसे खिलाड़ियों को ऊपरी क्रम पर भेजा जा सकता है। जिससे उन्हें देर तक बल्लेबाजी का अवसर मिले। गावस्कर ने कहा "कभी-कभी 'फिनिशर' जैसा ठप्पा लग जाता है और तब आप मानते हैं कि ऐसा खिलाड़ी 15 वें ओवर के बाद ही बल्लेबाजी के लिए आयेगा। ऐसे में उसे 12वें या 13वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए नहीं भेजा जाता है। और हमने ऐसा आईपीएल में भी होते देखा है। कई टीमें आखिरी 4-5 ओवरों के लिए ही बड़े हिटर को रखती हैं। वहीं अगर इन खिलाड़ियों को पहले भेजा जाए तो वे और ज्यादा रन बना सकते हैं। इसके बाद अंतिम ओवरों में ये हिटर की भूमिका भी निभा सकते हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा कि कार्तिक के ऊपर अक्षर को भेजने का फैसला दिमाग अजीब सा था जो मेरी समझ में नहीं आया क्योंकि कार्तिक भारत के सबसे अनुभवी क्रिकेटरों में से एक हैं। ऐसे में अक्षर पटेल को उनसे आगे भेजने का सवाल ही पैदा नहीं होता।

### इंग्लैंड दौरे से पहले समुद्र तट पर आराम करते दिखे विराट कोहली

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली इन दिनों क्रिकेट से दूर अपनी छुट्टी का पूरा आनंद ले रहे हैं। विराट ने अपने ट्विटर पर समुद्र तट पर बैठकर आराम करते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की है। हालांकि यह तस्वीर किस जगह की है, पोस्ट में इसका जिक्र नहीं है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में खराब प्रदर्शन के बाद, विराट को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला के लिए आराम दिया गया था। टीम इंडिया पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी, जो 2021 में कोविड के कारण स्थगित हो गया था। पांचवां टेस्ट एक जुलाई को खेला जाएगा जिसके बाद तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी। भारत इस समय टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है और एक जीत या ड्रॉ से उसे 15 साल बाद इंग्लैंड की धरती पर पहली टेस्ट सीरीज जीतने में मदद मिलेगी।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज से वापसी करेंगे तस्कीन और शोरिफुल




**ढाका (ईएमएस)।** बांग्लादेश टीम में तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और शोरिफुल इस्लाम की वापसी हुई है। इससे पहले दोनों गेंदबाजों को चोटिल होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। अब फिट होने के बाद इन दोनो ने ही वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टी20 श्रंखला के लिए अभ्यास भी शुरू कर दिया है। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान शोरिफुल की कलाई में चोट लग गयी थी जिससे वह वेस्टइंडीज के विरुद्ध टेस्ट नहीं खेल पाए थे पर उन्होंने से अभ्यास शुरू कर दिया है। शोरिफुल ने कहा, 'आज मैंने गेंदबाजी शुरू कर दी है, और करीब छह ओवर गेंदबाजी की है। उम्मीद है कि लगभग एक हफ्ते में मैं पूरी लय के साथ गेंदबाजी कर सकूंगा।' शोरिफुल ने जहां गेंदबाजी शुरू कर दी है। वहीं तस्कीन इस माह की शुरूआत से ही गेंदबाज करने लगे थे। गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका दौरे में कंधे के चोटिल होने से तस्कीन श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाये थे क्योंकि वह उबरने के लिए एक रिहैब कार्यक्रम से गुजर रहे थे। तस्कीन ने कहा, 'मैं एक दिन में चार ओवर और दूसरे दिन आठ ओवर गेंदबाजी कर रहा हूं और फिजियो के निर्देश का पालन करके श्रृंखला के लिए तैयार हो रहा हूं। मैं इस समय कोई दर्द महसूस नहीं कर रहा हूं और वेस्टइंडीज दौरे से पहले अपनी पूरी लय हासिल करना चाहता हूं।'

# उप्र के साथ विभिन्न क्षेत्रों में मिलकर काम करेगा इजराइल

**-इजराइली प्रतिनिधि मंडल की मुख्यमंत्री योगी से भेंट**
**-इजराइल और भारत के बीच मजबूत सामरिक संबंध: राजदूत नाओर**

**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को पांच कालिदास मार्ग स्थित उनके सरकारी आवास पर इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन के नेतृत्व में इजराइली सरकार के प्रतिनिधमंडल ने भेंट की। इजराइली राजदूत ने उप्र के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने का भरोसा जताया, तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई क्षेत्रों में निवेश का आह्वान किया। वार्ता के दौरान राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि इजराइल और भारत के बीच मजबूत सामरिक संबंध हैं। उत्तर प्रदेश के साथ हम कई क्षेत्रों में अच्छे सहयोगी की भूमिका में हैं। निकट भविष्य में इजरायल रक्षा, पुलिस आधुनिकीकरण, कृषि आधुनिकीकरण, किसानों को पानी के बेहतर उपयोग, बुंदेलखंड में पेयजल उपलब्धता और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश का सहयोग करने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत और इजराइल के द्विपक्षीय संबंध सतत प्रगाढ़ हो रहे हैं। दोनों देशों के बीच 30 वर्ष से मजबूत राजनयिक संबंध रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2017 में अपनी इजरायल यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की थी। इस दौरे में उत्तर प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल था। हाल के वर्षों में भारत-इजराइल के परस्पर संबंध नई ऊंचाइयों को छूआ है। उत्तर प्रदेश दोनों देशों के बीच परस्पर सम्बंधों की बेहतरी में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इजराइल के सहयोग से उप्र के बस्ती और कन्नौज जिले में दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित हुए थे। दोनों ही अपने उद्देश्यों में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। हमारी योजना हॉर्टिकल्चर और



सब्जी उत्पादन क्षेत्र में नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की है। इस कार्य में भी हमें इजराइल से आवश्यक सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्थापित हो रहा डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर इजराइल के लिए निवेश के अवसरों से भरा हुआ है। हमारे पास विशाल भूमि है, पर्याप्त मानव संसाधन है। हम रक्षा उत्पादन की इच्छुक निवेशक कंपनियों को सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। इजराइल के लिए यह अच्छा मंच है। ड्रोन और एंटी ड्रोन तकनीक में इजराइल के पास अच्छा अनुभव है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर में निवेश के लिए विचार किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का पुलिस बल दुनिया के विशालतम सिविल पुलिस बल में से एक है। हम अपने पुलिस बल के आधुनिकीकरण की योजना पर काम कर रहे हैं। इस कार्य में इजराइल हमें सहयोग कर सकता है। फोरेंसिक लैब्स की स्ट्रेंथनिंग में भी इजराइल हमारा अच्छा सहयोगी बन सकता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उप्र 25 करोड़ की जनसंख्या के साथ बड़ा बाजार भी है। प्रदेश में कृषि के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं हैं। इजराइल इस क्षेत्र में अपने प्रस्ताव दे सकता है। राज्य सरकार दिल्ली के निकट यमुना इंडस्ट्रियल एक्सप्रेसवे पर मेडिकल डिवाइस पार्क का विकास कर रही है। इजराइल की कम्पनिया यहां निवेश के लिए आमंत्रित हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र में सिंचाई व पेयजल के क्षेत्र में इजराइल के तकनीकी सहयोग से नवीन परियोजना प्रस्तावित है। इजराइली राजदूत ने कहा कि इजराइल की सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि एवं सिंचाई के क्षेत्र में, पेजजल की बेहतर उपलब्धता और जल संरक्षण के क्षेत्र में जो कार्य कर रहे हैं, उसे आगे बढ़ाएंगे। इसके साथ साथ डिफेंस, पुलिस मॉर्डनाइजेशन और उद्योगों के विकास में तकनीक हस्तांतरण भी करेंगे। उत्तर प्रदेश और इजराइल संयुक्त समूह बनाकर इन कार्यों को गति देंगे।

# ईडी पर दबाव बनाने का प्रयास कर रही कांग्रेस : स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली, (हि. स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को कहा कि एक जांच एजेंसी पर खुलेआम दबाव बनाने के लिए कांग्रेस नेता सड़कों पर उतर आए हैं क्योंकि उनके भ्रष्टाचार का पदार्फाश हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस खुलेआम प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर दबाव डालने की कोशिश कर रही है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए ईरानी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो जमानत पर बाहर हैं उन्होंने घोषणा की है कि आओ दिल्ली को घेरो, क्योंकि हमारा भ्रष्टाचार पकड़ा गया है। एक जांच एजेंसी पर दबाव डालने के लिए कांग्रेस शासित वरिष्ठ नेताओं को विशेष आमंत्रित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक जांच एजेंसी पर खुलेआम दबाव डालने वाली कांग्रेस की इस रणनीति को आप क्या नाम देंगे? उन्होंने कहा कि ईडी ने राहुल गांधी को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तलब




किया है, कांग्रेस को इस पर विचार करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि कंपनी बनाई जाती है समाज की सेवा के लिए, लेकिन समाज की सेवा नहीं बल्कि वो कंपनी केवल गांधी परिवार की सेवा तक सीमित हो जाती है। उन्होंने कहा कि आज जो लोग जांच एजेंसी पर दबाव डालना चाहते हैं, उनको गौर करना चाहिए कि दिल्ली हाई कोर्ट के 2019 के एक फैसले में लिखे वाक्य में कहा गया है, "एजीएल के ऊपर राहुल और सोनिया गांधी का मालिकाना हक गैरकानूनी तौर पर संपत्ति पर अधिकार जमाने का एक प्रयास है।" ईरानी ने कहा कि कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता राहुल गांधी के बुलावे पर आज जो गतिरोध पैदा कर रहे हैं, ये लोकतंत्र को बचाने का प्रयास नहीं, बल्कि गांधी परिवार की 2,000 करोड़ की संपत्ति को बचाने का प्रयास है। उल्लेखनीय है कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने राहुल गांधी को पूछताछ के लिए तलब किया है। विरोध स्वरूप कांग्रेस नेता व कार्यकताओं ने राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी मुख्यालय से जांच एजेंसी के कार्यालय तक मार्च निकाला। प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता मार्च में शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री धामी ने विधायक के रूप में ली शपथ

**देहरादून, (हि.स.)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने सोमवार को तीसरी बार विधायक पद की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने राज्य विधानसभा सभागार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विधायक पद की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री धामी चंपावत विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए हैं। सोमवार दोपहर विधानसभा स्थित स्व.प्रकाश पंत भवन के सभागार में शपथ ग्रहण समारोह में मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल, गणेश जोशी, राज्य सभा सांसद नरेश बंशल,पूर्व भाजपा अध्यक्ष और विधायक बंशीधर भगत, खानपुर विधायक उमेश, पुरोला विधायक दुर्गेश लाल ,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र भसीन,कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल सहित मंत्री, विधायकों के साथ अधिकारी और अन्य अतिथि शामिल रहे। गौरतलब है कि खटीमा विधानसभा से चुनाव हारने के बाद मुख्यमंत्री धामी के लिए चंपावत से विधायक कैलाश चंद गहतोड़ी ने इस्तीफा देकर सीट खाली की थी। उपचुनाव में मुख्यमंत्री रिकॉर्ड मतों के 94 फीसद से विधानसभा चुनाव जीतकर निर्वाचित हुए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने चंपावत उपचुनाव में 55 हजार से अधिक मतों के अंतर से कांग्रेस उम्मीदवार को हराया है। पुष्कर सिंह धामी का जन्म 16 सितंबर 1975 में खटीमा में हुआ। उनका पैतृक गांव हरखोला (कनालीछिना ब्लॉक), पिथौरागढ़ जिला, उत्तराखंड है। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नानकोत्तर से मानव संसाधन प्रबंधन और औद्योगिक संबंध में स्नातक और




मास्टर डिग्री किया। इसके अलावा वकालत, डीपीए (डिप्लोमा इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) से किया है। उनके परिवार से उनके पिता शेर सिंह धामी (पूर्व सैनिक) सेना में थे और सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी माता का नाम बिशना देवी जो गृहणी हैं। उनके परिवार में उनकी पत्नी गीता धामी और उनके दो पुत्र दिवाकर और प्रभाकर हैं। उन्होंने भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में शुरूआत की। वे इस सफर को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बनने तक आगे लेकर आये हैं।

# सत्याग्रह मार्च के दौरान हिरासत में लिए गए नेताओं से मिलने पहुंची प्रियंका

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सत्याग्रह मार्च के दौरान हिरासत में लिए गए कांग्रेस नेताओं से सोमवार दोपहर तुगलक रोड पुलिस स्टेशन पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नेताओं और कार्यकताओं से बातचीत कर हालचाल जाना। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से ईडी अपने दफ्तर में पूछताछ कर रही है। ईडी के इस कदम को लेकर कांग्रेस पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में दिल्ली में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी प्रदर्शन कर रहे थे। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन कर



रहे कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं को हिरासत में ले लिया। कांग्रेस का आरोप है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल के साथ पुलिस ने अभद्र व्यवहार किया। जिसके तुरंत बाद प्रियंका उनसे मिलने तुगलक रोड थाने पहुंची। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, केसी वेणुगोपाल को पुलिस ने हिरासत में लेकर उन्हें तुगलक रोड थाने ले गई। वहीं पार्टी नेता दीपेंद्र एस हुड्डा, कांग्रेस नेता रजनी पाटिल, अखिलेश प्रसाद सिंह, एल हनुमंतैया, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने आज अपने दफ्तर तलब किया है। यहां ईडी के अधिकारी राहुल गांधी से पूछताछ कर रहे हैं। ईडी के इस कदम को गलत ठहराते हुए कांग्रेस देशभर में प्रदर्शन कर रही है।

# उत्तर प्रदेश सरकार एक समुदाय विशेष को कर रही टारगेट: मायावती

**- नमाज के बाद हुई हिंसा के बीच बुलडोजर की कार्रवाई पर बसपा प्रमुख ने उत्तर प्रदेश सरकार पर नाराजगी जताई**

**लखनऊ (ईएमएस)।** उत्तर प्रदेश में जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा के बीच बुलडोजर की कार्रवाई पर बसपा प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश सरकार पर नाराजगी जताई है। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर की कार्रवाई पर बसपा प्रमुख मायावती ने सोमवार को ट्वीट कर लिखा है कि यूपी सरकार एक समुदाय विशेष को टारगेट करके बुलडोजर से घर ढहा रही है। विरोध को कुचलने और भय, आतंक का जो माहौल बनाया जा रहा है, यह



अन्याय है। घरों को ध्वस्त करके पूरे परिवार को टारगेट करने की दोषपूर्ण कार्रवाई का कोर्ट जरूर संज्ञान ले। उन्होंने समस्या की मूल जड़ भाजपा प्रवक्ता रहीं नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल को बताया। कहा कि उन्हीं के कारण देश का मान-सम्मान प्रभावित हुआ और हिंसा भड़की। उनके खिलाफ कार्रवाई न करके सरकार कानून के राज का उपहास क्यों कर रही है? दोनों आरोपियों को अभी तक जेल नहीं भेजना घोर पक्षपात है। तत्काल गिरफ्तारी जरूरी है। सरकार द्वारा नियम-कानून को ताक पर रखकर आपाधापी में किए जा रहे बुलडोजर कार्रवाईयों में न केवल बेगुनाह परिवार पिस रहे हैं, बल्कि निदोर्षों के घर भी ढहा दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में पीएम आवास योजना के मकान को भी ध्वस्त कर देना काफी चर्चा में रहा। ऐसी ज्यादती क्यों? बता दें कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने नौ जिलों में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा के मामले में अब तक 319 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पैगंबर मोहम्मद पर भारतीय जनता पार्टी की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा और पार्टी की दिल्ली इकाई से निष्कासित मीडिया प्रभारी नवीन जिंदल की टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में अब तक उत्तर प्रदेश :के नौ जिलों में 13 एफआईआर दर्ज हुई हैं। उत्तर प्रदेश के एडीजी कानून व व्यवस्था प्रशांत कुमार के मुताबिक शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद भड़की हिंसा में कुल 13 पुलिसकर्मी घायल हुए जिनमें मुरादाबाद में दो आरक्षी, अंबेडकरनगर में आठ पुलिसकर्मी व प्रयागराज में तीन पुलिसकर्मी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी घायल हुए हैं।

# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में संतोष जाधव गिरफ्तार

**-पुणे, पंजाब और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने गुजरात से दबोचा**

**पुणे, (हि.स.)** पंजाबी गायक और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपितों की धरपकड़ में जुटी पुणे, पंजाब और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने संतोष जाधव को उसके साथी नवनाथ सूर्यवंशी के साथ गुजरात से गिरफ्तार किया । माना जा रहा है कि इस हत्याकांड में संतोष जाधव भी शामिल था। पुलिस ने संतोष जाधव को रविवार देररात ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। अदालत ने उसे 20 जून तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में अब तक आठ आरोपितों की पहचान हो चुकी है। इस हत्याकांड में सौरभ महाकाल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। हत्याकांड से जुड़े आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न राज्यों की पुलिस जुटी हुई है। संबंधित राज्यों की पुलिस पंजाब पुलिस के साथ भी लगातार तालमेल बनाए हुए है। पुलिस का मानना है कि संतोष जाधव से पूछताछ में अहम सुराग हाथ लग सकते हैं। लारेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य जाधव हत्या के एक केस में साल भर से फरार था। यह केस 2021 में पुणे जिले के मंचर पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ था। पुलिस ने बताया कि नागनाथ सूर्यवंशी का नाम मूसेवाला हत्याकांड में सामने आया है। पुणे पुलिस ने 2021 के हत्याकांड के बाद जाधव को पनाह देने के आरोपित सिद्धेश कांबले उर्फ सौरभ महाकाल को बीते दिनों गिरफ्तार किया था। मूसेवाला हत्याकांड के सिलसिले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और पंजाब पुलिस महाकाल से पूछताछ कर चुकी है। मुंबई पुलिस ने सलीम खान और उनके बेटे सलमान खान को धमकी भरे पत्र भेजे जाने के मामले में महाकाल से पूछताछ की है।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए सत्येन्द्र जैन

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली के मंत्री सत्येन्द्र जैन को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कोर्ट जैन की जमानत याचिका पर 14 जून को सुनवाई करेगा। आज सुनवाई के दौरान जैन की मेडिकल रिपोर्ट पेश की गई। ईडी ने कहा कि जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए उसे समय दिया जाए जिससे जवाब दाखिल किया जा सके। ईडी ने कहा कि 14 जून को वह अपना जवाब दाखिल कर देगी। जैन के वकील एन हरिहरन ने जमानत याचिका पर स्वास्थ्य कारणों की वजह से जल्द सुनवाई की मांग की। हिरासत अवधि खत्म होने के आखिरी दिन ईडी ने जैन को कोर्ट में पेश किया। 9 जून को कोर्ट ने जैन को ईडी की हिरासत में भेजा था। इससे पहले 31 मई को कोर्ट ने जैन को 9 जून तक की ईडी हिरासत में भेजा था। जैन को 30 मई को गिरफ्तार किया गया था। जैन की पेशी के दौरान ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि कैश दिल्ली में दिया गया। ये कैश कोलकाता में हवाला के जरिये एंट्री आपरेटर्स तक पहुंची। ये एंट्री आपरेटर्स कंपनियों में शेयर खरीद कर निवेश करते थे। ये फर्जी कंपनियां थीं। इन फर्जी कंपनियों में निवेश कर कालाधन को सफेद बनाया जा रहा था। पैसों से जमीन खरीदी गई। प्रयास नामक एनजीओ के जरिये कृषि भूमि



खरीदी गई। कोर्ट ने तुषार मेहता से पूछा था कि क्या आप 2015-17 के लेनदेन की बात कर रहे हैं। तब मेहता ने कहा था- हां। मेहता ने कहा था कि ईडी ने जैन को जांच के लिए बुलाया, लेकिन उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया। मेहता ने कहा था कि हमें ये पता लगाना है कि पैसा किसी और का लगा था कि नहीं, इस पैसे से किसको लाभ हुआ इसका पता लगाना है। उन्होंने कहा था कि ये मामला केवल 4.81 करोड़ रुपये का ही नहीं है। वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने कहा था कि सत्येन्द्र जैन जांच में लगातार सहयोग कर रहे हैं। ईडी की दलीलें 2017 में दाखिल चार्जशीट का दोहराव मात्र हैं। उस केस में एक इंच आगे नहीं बढ़ा गया है। 5-6 बार जैन को बुलाया गया और वे जांच में शामिल हुए। सह-आरोपी कुछ भी कह सकता है। उसके लिए आरोपी जिम्मेदार नहीं है। सीबीआई जांच में भी आय के स्त्रोत का पता नहीं लगाया गया। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि आरोपित का पैसा हवाला के जरिये गया। सत्येन्द्र जैन के घर पर दो बार छापा डाला गया। उनका बैंक खाता सीज किया गया। जैन ने मंत्री बनने के बाद सभी कंपनियों से इस्तीफा दे दिया था।

हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार

सहयोगी संरक्षक
अनिल सेठी
नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक
संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला

सदस्य एवं रिपोर्टर

- •राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
- • वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
- • अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
- •मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) •मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
- •अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
- • अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
- •श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
- •नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
- • ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
- • ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
- • फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
- ▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092
संपर्क – 011-35631400
Customer Care No.
83750 00628

ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

# एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश मना रही 29वां जन्मदिन

## -बर्थडे गर्ल को देख फैंस बोले-'अटेंशन सीकर'



**मुंबई (ईएमएस)।** एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश अपना 29वां जन्मदिन मना रही हैं। तेजस्वी इस समय गोवा में अपने करण कुंद्रा के साथ अपना रोमांटिक जन्मदिन मना रही हैं। कपल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तेजस्वी करण कुंद्रा की गोद में नजर आ रही हैं। यूं तो कपल का यह वीडियो काफी कोजी है, जिसमें दोनों बेहद क्यूट लग रहे हैं लेकिन कुछ सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो को लेकर उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। तेजस्वी-करण कुंद्रा के इस वीडियो को लेकर ऐसा कहा जा रहा है कि गोवा के एक पार्क में तेजरन को स्पॉट किया गया। जहां दोनों अपना कोजी टाइम स्पेंड कर रहे थे। हालांकि इस दौरान तेजस्वी ने अपने पैरों में चप्पल नहीं पहनी थीं। इसलिए अपने पैरों को गंदा होने से बचाने के लिए वह करण कुंद्रा की गोद में चढ़ गईं। वह किसी भी हाल में अपने नंगे पैरों को जमींन पर रखना नहीं चाहती थीं। वीडियो में देखा जा सकता है कि पिंक ड्रेस में तेजस्वी एक क्यूट बच्चे की तरह करण कुंद्रा की गोद में उनसे चिपकी हुई दिख रही हैं। वहीं जींस और व्हाइट शर्ट में करण उनपर प्यार लुटाते हुए देखे जा सकते हैं। वीडियो में दोनों बेहद क्यूट लग रहे हैं। इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया यूजर्स जहां उन्हें ट्रोल कर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। तो वहीं, एक्ट्रेस के फैंस को यह वीडियो क्यूट लग रहा है। तेजरन के फैन्स इस वीडियो पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा है- इसको पालने में डाल दो, देखो कैसे बच्चे जैसे हरकतें कर रही हैं। वहीं एक दूसरे फैन ने लिखा- आप दोनों एकदम नॉर्मल कपल की तरह लगते हैं। इसके अलावा कपल को ट्रोल करते हुए करते हुए लिखा है तेजस्वी ऐसी हरकतें सिर्फ लोगों का ध्यान खिंचने के लिए करती हैं। वह अटेंशन सीकर हैं। लोगों को तेजस्वी-करण की जोड़ी काफी है। तेजस्वी इन दिनों टीवी शो नागिन-6 की वजह से खबरों से वाहवाही लूटती रही हैं। वहीं करण टीवी शो डांस दीवाने जूनियर्स को होस्ट करने की वजह से खबरों में छाए हुए हैं। कहा जा रहा है कि तेजस्वी जल्द ही आयुष्मान खुराना की आने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 हिस्सा बनेंगी। वह इस फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। फिल्म के लिए उनका ऑ-डिशन मेकर्स को काफी पसंद आया है। बता दें कि तेजस्वी प्रकाश के चाहने वाले तमाम फैंस और दोस्त उन्हें सोशल मीडिया के जरिए जन्मदिन की बधाईयां दे रहे हैं।

# महिमा फिल्म द सिग्नेचर में कर रही काम

## - कैंसर की जंग में सपोर्ट बनकर खड़ी रही बेटी अरियाना




**मुंबई (ईएमएस)।** कैंसर को मात देकर महिमा चौधरी आजकल फिल्म द सिग्नेचर के लिए काम कर रही हैं। एक्ट्रेस को कैंसर की जंग में सपोर्ट बनकर उनकी बेटी अरियाना खडी रही। एक वीडियो अनुपम खेर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया, जिसके बाद बॉलीवुड इंडस्ट्री में सनसनी फैल गई। इस वीडियो में अनुपम खेर ने उन्हें इंस्पिरेशन बताते हुए लिखा कि मैंने जब इन्हें अपनी अगली फिल्म के लिए कॉल किया तब पता चला कि महिमा ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। हालांकि, अब महिमा कैंसर को मात दे चुकी है। कैंसर की इस जंग में उनकी बेटी अरियाना उनके साथ पिलर बनकर खड़ी रहीं, एक्ट्रेस ने इसका खुलासा उन्होंने खुद किया है। महिमा चौधरी अब बिलकुल ठीक हैं। उन्होंने हाल ही में बयां किया इस जंग में कैसे उनकी बेटी अरियाना हरदम उनके साथ खड़ी रहीं और कैंसर को मात देने में उनकी पूरी मदद की। उन्होंने कहा कि मैं अब बिलकुल ठीक हूं, 3 से 4 महीने पहले सारी बीमारी दूर हो चुकी है। एक मां के लिए उसके बच्चों से बड़ा कोई सपोर्ट शायद ही कोई दूसरा हो सकता है। महिमा चौधरी के लिए भी उनके सबसे कठिन दिनों में बेटी का वो साथ मिला, जिसको शायद ही कभी वो भूल पाएंगी। बातचीत में उन्होंने कहा, अरियाना ने स्कूल जाने से साफ-साफ मना कर दिया ताकि मेरी देखभाल कर सके। एक्ट्रेस ने कहा कि मेरी बेटी ने खुद आकर मुझसे कहा कि मैं स्कूल नहीं जाऊंगी, क्योंकि कोविड का माहौल है और मैं आपकी सेहत से रिस्क नहीं लेना चाहती। ये उस दौर की बात है जब मैं रिकवरी कर रही थी। महिमा चौधरी ने आगे बताया कि वो दो महीने तक स्कूल नहीं गई, जबकि ऑफलाइन क्लासेस शुरू हो चुकी थीं। अरियाना ने ऑनलाइन क्लासेस ही लीं। इस बारे में स्कूल ने भी पूरा सपोर्ट दिया। साल 2013 में उन्होंने अपने पति बॉबी मुखर्जी से तलाक ले लिया था। तभी से वह अपनी बेटी अरियाना के साथ रहती हैं। महिमा चौधरी ने साल 1997 में अपनी पहली फिल्म परदेस से ही नेम और फेम पा लिया था। इसके बाद उन्होंने दाग, धड़कन, दिल है तुम्हारा, दिल क्या करे और लज्जा जैसी कई और फिल्मों में काम किया। महिमा सिंगल पेरेंट हैं।

# ब्रह्मास्त्र की रिलीज का बेसब्री से हो रहा इंतजार

## -करण, रणबीर और अयान अहम भूमिका में




**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म ब्रह्मास्त्र की रिलीज का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय और नागार्जुन अक्किनेनी की अहम भूमिका है।अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म के तीन पार्ट हैं। फिल्म का पहला पार्ट इसी साल 9 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। एक इंटरव्यू में अयान और रणबीर ने फिल्म की थीम के बारे में जानकारी दी थी जो कमाल आर खान को रास नहीं आ रहा। नए सिनेमाई अंदाज को दिखाने वाली मोस्ट अवेटेड फिल्म ब्रह्मास्त्र को लेकर अयान मुखर्जी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि इस फिल्म में वेस्टर्न स्टाइल फैंटेसी फिक्शन और भारतीय पौराणिक कथाओं का मिला जुला रुप देखने को मिलेगा, वहीं रणबीर कपूर ने इसे मार्वल कहा है। फिल्म समीक्षक कमाल आर खान ने फिल्म से जुड़े लोगों के अलग-अलग बयान पर रिएक्ट करते हुए फिल्ममेकर्स पर निशाना साधा। केआरके ने फिल्म की टीम को कंफ्यूज्ड बताते हुए ट्वीट किया। कमाल आर खान ने लिखा ब्रह्मास्त्र के मेकर्स कंफ्यूज्ड हैं। सब अलग-अलग बातें कर रहे हैं। डायरेक्टर कह रहे हैं कि ये एक सुपरहीरो फिल्म है, करण कह रहे हैं कि ये बाहुबली की तरह है। रणबीर कह रहे हैं कि ये सुपर हीरो फिल्म नहीं है। ओ भाई पहले आप सब एक साथ बैठकर तय कर लो कहना क्या है। ऐसा नहीं है कि केआरके ने पहली बार करण जौहर पर निशाना साधा है। इसके पहले भी कहा था कि करण और उनकी टीम पिछले 8 साल से ब्रह्मास्त्र बना रही है। उस दौर में टेक्निकल सपोर्ट की वजह से मुगले-ए-आजम 10 साल में बनी थी। बता दें कि ब्रह्मास्त्र का ऑफिशियल ट्रेलर 15 जून को रिलीज किया जाएगा।

# आर्यन की गिरफ्तारी पर रोए थे शाहरुख



शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को क्रूज ड्रग्स केस में क्लीन चिट मिल गई है। इस केस में उन्हें 26 दिन तक हिरासत में रखा गया था। हालांकि, क्लीन चिट मिलने के बाद भी आर्यन ने चुप्पी साध रखी है, लेकिन एक सीनियर ऑफिसर संजय सिंह ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में आर्यन की गिरफ्तारी और जेल में उसके बयानों के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि बेटे की चिंता में शाहरुख खान की आंखो में आंसू आ गए थे। संजय ने बताया कि इस केस के दौरान वे आर्यन के साथ-साथ शाहरुख खान के भी संपर्क में थे। वह बेटे की मेंटल और फिजिकल हेल्थ को लेकर चिंतित थे। बातचीत के दौरान आंसू भरी आंखों के साथ उन्होंने कहा, 'हमें किसी क्रिमिनल या मॉन्स्टर की तरह दिखाया गया, जो सिर्फ समाज को तबाह करने के लिए घर से बाहर निकलते हैं।'

# बोटोक्स से लेकर ब्रेस्ट इंप्लाट तक लगवाने को कहा राधिका से

## -एक्ट्रेस से बॉलीवुड डेब्यू के दौरान बॉडी शेमिंग की चर्चा




**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस राधिका आप्टे अपनी अदाकारी से करोड़ों दिलों पर राज करती हैं। वह अपनी अदाकारी से किरदार में जान डाल देती हैं। राधिका आप्टे फिल्म पार्च्ड, मांझी: द माउंटेन मैन, पैडमैन, द लस्ट स्टोरीज और रात अकेली है जैसी हिट फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। आज भले ही राधिका का नाम बॉलीवुड के सक्सेसफुल एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल है, लेकिन वो उन अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं, जिन्हें करियर के शुरूआती दिनों में बॉडी शेमिंग का दर्द झेलना पड़ा था। उन्होंने बातचीत में खुलासा किया शुरूआती दिनों में उनके हाथ से कई अच्छे प्रोजेक्ट से इसलिए निकल गए क्योंकि और ऐक्ट्रेसेस की तुलना में उनकी ब्रेस्ट और लिप्स बड़े नहीं थे। उन्हें बार-बार बॉडी और फेस में बदलाव लाने के लिए सर्जरी कराने की सलाह दी जाती थी। रिपोर्ट के अनुसार, राधिका ने कहा उन चीजों को अपने ऊपर हावी तो नहीं दी लेकिन गुस्सा जरूर आ जाता है। राधिका आप्टे ने बताया, शुरूआत में मुझ पर खास बॉडी शेप और साइज को लेकर प्रेशर था। जब मैं इंडस्ट्री में नई थी तो मुझसे मेरी बॉडी पर कुछ काम करवाने के लिए कहा गया। पहली ही मुलाकात मुझसे ये कहा गया कि मैं अपनी नाक की सर्जरी करवा लूं। दूसरी मुलाकात में मुझसे ब्रेस्ट सर्जरी करवाने को कहा गया। यह सिलसिला यूं ही चलता रहा लेकिन हद तब हो गई मुझे लोग मेरी टांगों पर तो कभी जबड़े की सर्जरी करवाने के लिए सलाह देने लगे। मुझे अपने बाल कलर करवाने में ही 30 साल लग गए। मैं तो कभी इंजेक्शन भी नहीं लगवाऊंगी। मुझे इन सब चीजों पर गुस्सा तो आया पर इनकी वजह से मुझे अपनी बॉडी से और भी प्यार हो गया। राधिका ने बातचीत में आगे बताया कि इन बातों से वह काफी आहत हो जाती थीं और उन्हें बहुत गुस्सा भी आता था। हालांकि बॉडी पर काम करने वाली सलाह को उन्होंने खुद पर कभी भी हावी नहीं होने दिया।

# 'भाईजान' में श्वेता तिवारी की बेटी पलक की एंट्री



एक्टर सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'भाईजान' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अब खबर आ रही है कि सलमान की इस फिल्म में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी की एंट्री हो गई है। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का टाइटल 'कभी ईद कभी दिवाली' से बदलकर 'भाईजान' रखा है। बीते कुछ दिनों पहले रिपोर्ट्स में पता चला था कि इस फिल्म में 'बिग बॉस-13' फेम शहनाज गिल लीड रोल में नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 'भाईजान' के लिए पलक तिवारी को एक बड़ा और अहम रोल ऑफर हुआ है। इस फिल्म में पलक पंजाबी सिंगर और एक्टर जस्सी गिल के अपोजिट दिखाई देंगी। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि पलक ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, सलमान ने खुद ही पलक को इस फिल्म के लिए कास्ट किया है। फिल्म में पलक और जस्सी का एक गाना भी होगा।

# नूपुर शर्मा के समर्थन में उतरीं कंगना रनौत, पोस्ट शेयर कर कहीं ये बात



अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर कंगना रनौत एक बार फिर से चर्चा में आ गई हैं। इस बार इसकी वजह है भाजपा की निलंबित नेता नूपुर शर्मा। पैगेंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी को लेकर कई लोग हाल ही में नूपुर शर्मा के खिलाफ सड़कों पर उतरे थे। जहां कई लोग नूपुर शर्मा के विरोध में है वहीं कई ऐसे लोग भी हैं जो उनके समर्थन में खुलकर सामने आ रहे हैं। इसी में एक नाम है फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का। कंगना रनौत ने रविवार को अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट साझा कर नूपुर शर्मा का समर्थन किया है। अपनी पोस्ट में कंगना ने लिखा, "मेरे कई मुस्लिम दोस्त शराब का सेवन करते हैं। धूम्रपान करते हैं। बुर्का नहीं पहनते और ऐसे काम को करते हैं, जो उनके धर्म में करना गुनाह माना जाता है। उसके बाद भी उनसे किसी को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन नूपुर शर्मा ने अगर कुछ बोल दिया तो वह अपराधी हो गईं।" कंगना का यह पोस्ट वायरल हो रहा है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब कंगना नूपुर शर्मा के समर्थन में खुलकर सामने आई है। उन्होंने इससे पहले भी नूपुर शर्मा को खुलकर सपोर्ट किया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो कंगना जल्द ही फिल्म तेजस में अभिनय करती नजर आएंगी।

# रेयर बीमारी से जूझ रहे पॉप सिंगर जस्टिन बीबर

हॉलीवुड पॉप सिंगर जस्टिन बीबर फेशियल पैरालिसिस का शिकार हो गए हैं। इस बात की जानकारी सिंगर ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर दी है। जस्टिन ने बताया कि उन्हें 'रामसे हंट सिंड्रोम' नाम की बीमारी हो गई है। जिसकी वजह से उनके फेस की एक साइड पैरालाइज हो गई है। जस्टिन ने टोरंटो और वाशिंगटन डी सी में होने वाले शोज को कैंसिल करने के बाद यह वीडियो शेयर किया। वीडियो में उन्होंने दिखाया कि वो अपने फेस की एक साइड मुश्किल से ही मूव कर पा रहे हैं। उन्होंने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा, "प्लीज देखिए यह बहुत जरूरी है। मैं आप सब लोगों से बहुत प्यार करता हूं और मुझे आपकी दुआओं की जरूरत है।"जस्टिन ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि इसे रिकवर होने में कितना समय लगेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि आराम और थैरेपी से यह पूरी तरह ठीक हो जाएगा। साथ ही सिंगर इसके लिए फेशियल एक्सरसाइज भी कर रहे हैं। जस्टिन ने कहा, "मैं इस वक्त को आराम करने के लिए यूज करूंगा और अपनी पूरी एनर्जी के साथ वापस आऊंगा। जिससे की मैं वो कर सकूं जो करने के लिए मैं पैदा हुआ हूं।"

# कमल हासन की फिल्म 'विक्रम' की सक्सेस पार्टी में पहुंचे सलमान खान,वायरल हुई तस्वीर



कमल हासन की हालिया रिलीज फिल्म 'विक्रम' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म की सफलता का जश्न मनाने के लिए एक डिनर पार्टी रखी ,जिसका आयोजन चिरंजीवी ने अपने घर पर किया । इस पार्टी में कमल हासन, फिल्म निमार्ता लोकेश कनगराज और सलमान खान उपस्थित थे। वहीं अब चिरंजीवी ने इस पार्टी की एक तस्वीर अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर साझा की है, जिसमें चिरंजीवी, कमल हासन, लोकेश कनगराज के साथ बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान भी नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए चिरंजीवी ने लिखा-'मेरे प्यारे सल्लू भाई, लोकेश कनगराज और टीम के साथ कल रात मेरे घर पर विक्रम की शानदार सफलता के लिए मेरे सबसे प्यारे पुराने दोस्त कमल हासन का सम्मान किया और जश्न मनाया।' सोशल मीडिया पर यह तस्वीर वायरल हो रही है। फिल्म विक्रम की बात करें तो यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है। इस फिल्म में कमल हासन के साथ विजय सेतुपति, फहद फासिल जैसे कलाकार नजर अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म इसी साल तीन जून को रिलीज हुई है और फिल्म अब तक दुनिया भर में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।

# अनुष्का शर्मा ने ऑरेंज मोनोकोनी में ढाया कहर



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री अनुष्का शर्मा इन दिनों अपने पति विराट कोहली और बेटी वामिका के साथ वेकेशन इंजॉय कर रही है। इस दौरान उन्होंने रविवार को इस वेकेशन की कुछ तस्वीरें साझा की है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में अनुष्का ऑरेंज कलर की मोनोकोनी में नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने हैट भी लगाया हुआ है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अनुष्का ने लिखा-"खुद अपनी तस्वीरें खींचने का परिणाम।' अनुष्का इन तस्वीरों में काफी बोल्ड लग रही हैं। सोशल मीडिया यूजर्स अनुष्का की इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं और इसपर जमकर प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनुष्का शर्मा जल्द ही फिल्म चकदा एक्सप्रेस में अभिनय करती नजर आएंगी। यह फिल्म भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान झूलन गोस्वामी की बायोपिक है।

## सूडोकु नवताल- 6101

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 6848

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | ला | सो | र | ग | द | रि | सि | या | र | क |
| लां | वि | ज | ग | व | जी | ग | द | इ | ता | ली |
| गी | स | श | ग | बा | छ | ची | ता | रा | क | का |
| र | ज | र | ज | त | ज | न | अं | गु | ल | ला |
| क | खु | दो | प | ल | सिं | का | म | ग | व | हां |
| जी | द | ल | ति | य | ख | ह | ना | हि | र | डी |
| ती | लो | म | ड़ी | या | प | र | पु | र | र | ल |
| क | दे | व | ग | ढ़ | ब | क | ग | र | श | ण |
| ने | बा | गं | न्न | ब्रा | ह | त्या | बा | र | ग | ढ़ |
| तें | दु | ज | प | व | जी | र्त | उ | बें | हा | त |
| क | दु | म | रा | नी | ल | गा | थ | द | प | थ |

*शब्द जाल में उड़ीसा के 10 जिलों नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

जगतसिंहपुर, बालासोर, अंगुल, बाउथ, गंजम, कालाहांडी, देवगढ़, बालांगीर, बारगढ़, गजपति

### शब्दजाल - 6847 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | दि | ल | वा | ले | ह | ट | अं | क | र |
| छ | च | दी | ह | रिं | लै | ता | दि | त | को | घु |
| स | र | ह | वा | दा | चि | सिं | बे | ला | ल | वी |
| पू | म | दा | च | ने | क | ड़ | ढा | ल | र | र |
| त | बॉ | र्ड | र | हा | हु | री | चि | स | र | ट |
| ह | ह | प | व | दा | ह | ए | ती | झ | न | ती |
| ट | र | बु | अं | र | म | ट | पा | ला | ह | क |
| क | ज | क्ष | ला | क | छ | सौ | न | ग | जू | ट |
| ह | थो | तें | क | ह | ज | दा | ने | दा | ल | द |
| र | ल | प | ति | मो | ह | रा | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5801

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 39 | 1 | 29 | | 26 | |
| 7 | | 5 | 4 | | | 1 |
| | 30 | 2 | 27 | 1 | 31 | |
| | | 3 | | | 6 | 7 |
| 6 | 30 | | 39 | 4 | 35 | |
| 3 | 5 | | 6 | | 1 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 5800 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 35 | 1 | 26 | 6 | 28 | 6 |
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 4 | 28 | 4 | 27 | 4 | 36 | 4 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 35 | 7 | 35 | 7 | 38 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000628, For News & Advertisement- 8588881461, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in